तुरहियों का पर्व

आइए हम अपने सिरो को झुकायें । प्रभु, एक अवसर पर यह कहा गया था, आपके प्रिय चेलो के द्वारा, "हमें प्रार्थना करना सिखा।" क्योंकि जब हम स्वर्ग के महान परमेश्वर की दृष्टिकोण को समझने लगते हैं, तो हमें एहसास होता है कि हम कितने अयोग्य हैं। सो हमें प्रार्थना करना सिखा, प्रभु, अब हमारे ह्रदयो में, उन चीजों के लिए जो आपके राज्य के लिए और आपके सेवको के लिए लाभकारी होगा। आप यहां हर व्यक्ति की आवश्यकता को जानते है।

2 और आज सुबह यहां मेज पर, रूमाल और वस्त्र, और बस कुछ छोटे पार्सल जो शारीरिक सहायता की चीजें और घरेलू चीजें रखी हुई है, और जो कुछ भी हो सकता है। लेकिन आप परमेश्वर है, और आप ही एकमात्र सच्चे परमेश्वर है, जो वहां पर है। और हम आपसे यीशु के नाम में मांगते है, जो आपका प्रिय पुत्र है कि आप इनमें से हर एक को चंगा करेंगे। और यहां कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जिनके यहां रूमाल नहीं रखे हुए है, या पार्सल, जिन्हें चंगाई की आवश्यकता है।

3 वहां हो सकता है सारे राष्ट्र भर में, संसार भर में कुछ ऐसे हो सकते है, यहां तक कि यह टेप उनके घरों या कलीसिया में चलायी जाये। हम प्रार्थना करेंगे, प्रभु, कि जब सभा चल रही हो, वहां—वहां... या टेप चलाया जा रहा हो, या हो सकता हैं वे किसी भी स्थिति में हो, या—या किसी भी अवस्था में हो, होने पाए आज सुबह स्वर्ग का महान परमेश्वर हमारे ह्रदय की सच्चाई का सम्मान करे, और जरूरतमंदों को चंगा करे, जिसकी उन्हें आवश्यकता है।

4 अब हमें होने वाली सभा में आशीष दीजिये। हमारे जरिये से बात करे, जैसे इससे पहले कभी नहीं की हो, परमेश्वर के राज्य के खातिर। हम यीशु के नाम में आपके उत्तर के लिए रुके हुए है। आमीन।

5 क्या आप इसमें मेरी सहायता करेंगे? [भाई ब्रंहम पुलपीट से सामानों को हटाते है—सम्पा।]

6 आज सुबह फिर से कलीसिया में होना अच्छा है। और मैं अभी कुछ मित्रो से बात कर रहा था जो अभी–अभी ओहियो से आए हैं, एक छोटी

लड़की के लिए, जिसे कुछ महीने पहले यहाँ लाया गया था, जो ल्यूकेमिया (बीमारी) से मर रही थी। वे लोग बहुत गरीब थे, जो उसकेमाता–पिता है। और मेरे पास आज सुबह उस—उस गवाही को पढ़ने का समय नहीं है, जो कतार पर रखी हुई है। लेकिन तीन दिनों के बाद की उस छोटी लड़की की तस्वीर है, मैं सोचता हूं ऐसा था उसके लिए प्रार्थना की गई थी। डॉक्टरों ने बताया था केवल तीन दिन ही जीयेगी, और तीन दिनो में बाद में यहाँ तक उन्हें इसका कोई निशान भी नहीं मिला। और सो वो स्कूल में है, बहुत ही खुश है। मुझे यकीन है कि कलीसिया को याद है जब वो यहां कमरे में थी।

7 और वह छोटा बालक जिसका जन्म हुआ था, जैसे, उसकी आंते बाहर की तरफ निकली हुई हो। किसी तरह से डॉक्टरों ने, और इस छोटे बालक की अवस्था जिस तरह से आंत बाहर निकली हुई थी, उसे फिर से वापस नहीं रखा जा सका। वे इस छोटे बालक को छूने से डर रहे थे, यह बस एक नवजात शिशु था। और अब, वो छोटा सा बालक जो लगभग एक वर्ष का है, मैं सोचता हूं, ऐसा ही कुछ, सामान्य आंत के साथ है, जितना ये सामान्य हो सकता है। यह तो केवल परमेश्वर का अनुग्रह है, कि वह हमारे लिए कितना भला है।

8 अब, मैं आज घोषणा करना चाहता था कि जिस सभा के लिए हम योजना बना रहे थे, मैं इसे आने वाले अगले सप्ताह में—में अफ्रीका में जाने की योजना बना रहा था, वहां पर भाई जोसेफ बोआज साथ, जो केन्या और तन्गानिका में है। हम सभा को करने में असमर्थ हैं, भाई बोआज़ से वापस एक टेलीग्राम प्राप्त हुआ, "पिछले हफ्ते हमारे अपने मिशनरियों में से तीन को मार डाला गया, और हत्या कर दी गई।"

9 और वे अब वहां विद्रोह कर रहे हैं। और साम्यवादी वहां के मूल निवासी लोगों को बंदूक से मार रहे हैं, वे दावा करते हैं कि उनके पास यहाँ–वहां आस–पास मछली के जहाज है, लाल चीन और रूस के; और मूल निवासीयों को बंदूके पहुंचा रहे है, और वे यह नहीं जानते कि उनका उपयोग बस किसी भी चीज़ पर करने से बेहतर है, कि जाने किस पर उपयोग करे। तो, वहां की, सरकार ने सोचा कि इस समय पर सभा करना बुद्धिमानी नहीं होगी। और जैसा कि मैं भी समझता हूं, ऐसा है कि भाई बोआज़ जो इसी क्षेत्र में है, अपने स्कूल को भी नहीं खोल सकते हैं, जहां पर मैं इस समय

पर जा रहा था। लेकिन सभा को रद्द नहीं किया गया है, बस इसे स्थागित कर दिया गया है जब तक कि वे इसे फिर से शांत नहीं कर लेते।

10 आज की सुबह ख़ुशी की बात है, बहुत वर्षो की अनुपस्थिति के बाद हमारे बीच में फिर से दक्षिण अफ्रीका से, भाई जैक्सन, भाई सिडनी जैक्सन और बहन जैक्सन को देखकर। क्या उन्होंने बात की? [भाई नेविल कहते हैं, "हाँ।"—सम्पा।] और ये लोग मेरे सच्चे भाई और बहन थे, और दक्षिण अफ्रीका में, वहां के अभियान में, अंतिम दौरे पर वे सह–कार्यकर्ता थे। जो हम भरोसा करते है कि किसी दिन, परमेश्वर के अनुग्रह से, फिर से उन लोगों के साथ वापस आना होगा, क्योंकि इसकी आवश्यकता है।

11 और मैं वापस जाने की नौ साल से कोशिश करते आ रहा हूं। लेकिन, संगठनों और इत्यादि की वजह से, वे मुझे वापस नहीं आने देंगे। इसलिए मैंने हाल ही में उन्हें एक पत्र लिखा, और कहा, "तब उन खोये हुए हुए प्राणों का लहू तुम पर हो और मुझ पर नहीं।" क्योंकि, मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर कुछ समय के लिए उन लोगों के लिए, वहां पर मेरी सेवकाई का उपयोग करना चाहता था। और उनके अलग–अलग संप्रदायिक अंतर होने की वजह से, वे मुझे वापस आने नहीं देंगे। लेकिन, कोई बात नहीं, प्रभु उस बात को देख लेगा।

12 अब, मैं आज सुबह जो कहना चाहता हूं, कि यदि प्रभु की इच्छा हुई तो, भाई नेविल ने मुझसे भवन पर आज रात की सभा को करने के लिए पूछा है। सो हमने... आपको निमंत्रण दिया हैं। और फिर अगले रविवार को, परमेश्वर की इच्छा हुई तो, मैं भी यहाँ रहूंगा; तब हो सकता है अगले दो या तीन रविवारों के लिए, अनुपस्थित होने के कारण, ये होने वाली सभाये रद्द हो।

13 अब, हम यह भी कहना चाहेंगे कि, मैंने कहा था कि हो सकता है हम इस समय के दौरान सात तुरही को प्रचार करेंगे। हमने सोचा कि अब इमारत के आकार की कमी और वातानुकूलित (एयर–कंडीशनर) की असुविधा के होने के कारण हम इसे कैसे करेंगे, कमरे में कोई हवा नहीं थी। इसे अभी तक वातानुकूलित (एयर–कंडीशनर) नहीं बनाया है। और हमने इस स्कूल को यहाँ किराए पर लेने की कोशिश की, जो वातानुकूलित है, जिसमें लगभग इतनी कुर्सियां है कि... ओह, मैं नहीं जानता; इसमें एक

बैठने की अच्छी क्षमता है, बहुत ही अच्छा स्कूल है। लेकिन हमें कुछ भी नहीं मिल पाया।

14 और, इसे, वे हमें अगले सप्ताह को देंगे। लेकिन, अगले हफ्ते? देखो, संसार के विभिन्न भागो से प्रतिनिधित्व आ रहे हैं; जमैका से, और उन द्वीपों से, और दक्षिण से, यहां तक कि दक्षिण अमेरिका और कनाडा, और मैक्सिको में, और यहाँ–वहां राष्ट्रों में से। और हमने सोमवार को लिखकर सुचना भेज दी है, तब उन्हें बुधवार या गुरुवार तक नहीं मिलेगा; और फिर समय और इत्यादि के लिए पूछना पड़ेगा, जिससे ये इसे आगे डाल दे।

15 आगे आने वाले सप्ताह, ये स्कूल के समय तक, आपको ये एक रात के लिए मिलता है, और फिर हो सकता है एक या दो रात छोडना होगा, और फिर से अगली रात, फिर... हम बस ऐसा नहीं कर सकते। आप ऐसा नहीं कर सकते।

16 मैंने सोचा क्योंकि, जब मैंने सच्चाई से प्रार्थना की थी। और तब हमारा फिर से लगभग एरिज़ोना में वापस लौटने का समय होता है, बच्चों को स्कूल में भेजने का। और फिर हम... मैं पत्नी से बात कर रहा था।

17 और, तो, कल मैं कमरे में गया, और मैंने कहा, "प्रभु, मैं—मैं हो सकता है बहुत सारे शब्दों का उपयोग नहीं करूं, लेकिन, कृपया वे समझ जाये, परमेश्वर, कि मेरे ह्रदय में इसका क्या अर्थ है। ऐसा क्या मामला है कि उन तुरहियो को प्रचार करने से सब बातें रोक रही है? " और तब उसने आकर इसे प्रकट किया। और अब, आज सुबह, मैं आपसे बात करना चाहता हूं, कि वो कारण क्या है।

18 और अब आइये हम, जिनके पास बाईबिल है और इसमें जाना चाहूंगा, बाईबल को खोले। हम पहले लैव्यव्यवस्था में जायेंगे, लैव्यव्यवस्था का 23 वा अध्याय।

19 यदि प्रभु इच्छा हुई, तो आज रात को मैं इस विषय पर प्रचार करने जा रहा हूं: *छावनी के पार जा रहे है* । और यह छोटा सा होगा, और इसलिए आपके पास समय हो सकता है जिससे अपने–अपने स्थानों पर काम करने के लिए वापस जा सकते है।

20 हम मेहमानो को देखकर खुश हैं, जो शहर के बाहर से हैं। कितने यहां पर शहर के बाहर के लोग हैं, जब हम देख रहे हैं? पंचानवे प्रतिशत, जी हाँ, अठानवे प्रतिशत सभा के लोग। सो, आप देखते हैं कि यह जेफरसनविले

के लोग नहीं है, यह वे लोग है जो जेफरसनविले में आये हैं, जो... प्रभु के अनुग्रह से हम यहां पर हैं।

21 और अब मैं आज सुबह तीन स्थानों से पढ़ना चाहता हूं। उनमें से एक लैव्यव्यवस्था में 23 वें अध्याय में पाते है, और दूसरा, यशायाह 18, यशायाह 27 में है, आप लोग जो इसे निशान को लगा रहे हैं।

22 और अब प्रचार करने के बजाय... प्रभु की इच्छा है तो, मैं आज रात ऐसा करूंगा। लेकिन मैं आज सुबह, सात तुरहियों के पर्व पर शिक्षा को देना चाहता हूं। जोकि, ये महीना, सात तुरहियों के पर्व का है, आरंभ... और जो कि सातवां महीना है जो जुलाई का 15 होता है, तुरहियों के पर्व का आरंभ था, लेवी के नियमो में।

23 अब, और यदि आपके पास आपके कागज और इत्यादि हैं, और वचन और विषयों को लिखने की इच्छा रखते हैं, और इत्यादि, जैसा कि हम साथ–साथ आगे बढते हैं।

24 इस सभा के लिए एक बात है, ये गर्मी है, और हम वर्षों से इसके आदि हो गये हैं। लेकिन शायद कोई तो सोच सकता है कि मैं विश्वास करता हूं कि जब हम इस इमारत में प्रवेश करते हैं, तो हम हो सकता है समय को रोक देते है, और कुछ हद तक, कुछ भाग में अनंत काल के अंदर होते है, जिस तरह से मैं लोगों को रोके रखता हूं। मेरा इस तरह से करने का कोई अर्थ नहीं होता है। लेकिन मुझे विश्वास है कि हम यीशु के आगमन के इतने नजदीक हैं, कि मुझे हर मिनट का फायदा उठाना है, उनके लिए जो मेरे पास एकत्र लोग है।

25 और मैं सोच रहा था, जब मैं थोड़ी देर पहले सड़क पर गाड़ी चला रहा था, कि मैं बाहर थोडी देर प्रार्थना करूंगा बस इससे पहले में पुलपिट में जाऊं, जैसा कि कोई भी वास्तविक सच्चा याजकगण करता है। मैं सोच रहा था, "आप जानते हैं, हमारे पास सबसे महिमामय समय होता है, जब हम यहाँ एक साथ मिलते हैं! लेकिन, और कई राज्यों से इकट्ठा हुए लोग होते है, जो ठीक अभी यहाँ पर बैठे हुए है, जो बहुत दूर–दूर से आये है, सैकड़ों और सैकड़ों मील दूर से, और हम वचन के इर्दगिर्द संगती करने के लिए एक साथ इकट्ठा होते हैं। लेकिन जल्द ही एक समय आएगा, जब यह केवल एक खुबसूरत यादे होगी।" यह सही बात है।

26 ये समय हमसे दूर किया जाएगा, तो इसलिए हमें वो सब करना अवश्य है, जिसे हम करने के लिए जानते हैं कि इसे कैसे करना है, ताकि इसे इस तरह से बनाये, इसका हर मिनट महत्वपूर्ण है। और अब इस बारे में सोचो, जबकि हम सुबह की गर्मी में परेशानी को सहन कर रहे हैं। और, आप जानते हैं, हर इंसान का शरीर खुद एक—एक गर्मी को उत्पन्न करने वाला एक यंत्र होता है, और इससे ये आप पर बहुत ही मुश्किल को पैदा कर देता है। और, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप वचन को पा ले।

अब, बस इससे पहले हम—हम पढ़े, आइये प्रार्थना करे।

27 प्रभु, यहां कोई भी व्यक्ति जो अपने हाथों को हिला सकता है, इस बाईबल के पन्नों को पलट सकता है। लेकिन आज सुबह हमारे बीच एक ऐसा है जो इसे खोल सकता है; जो कि महान पवित्र आत्मा है, जो हमारे बीच में है। हमारे लिए वचन को खोले, प्रभु, जैसे हम पढ़ते हैं, जैसे आपने चेलों के लिए किया, जब वे इम्माऊस के अपने मार्ग पर जा रहे थे, और आपने उन्हें वचनों को समझाना आरंभ किया। और हो सकता है हम, जब हम छोड़ कर जाये, वैसे ही कहे जैसे वे लोग आमोस से वापस यरूशलेम के लिए आ रहे थे, "क्या हमारे हृदय भीतर ही भीतर नहीं जल रहे थे जब वो रास्ते में हमें बात कर रहा था? " क्योंकि इसे यीशु के नाम में हम मांगते हैं। आमीन।

आइये हम वचन के प्रति आदर के लिए खड़े रहे।

28 अब, मेरा आज सुबह का विषय है: *तुरहियो का पर्व*। मैं अब लैव्यव्यवस्था के 23 वें अध्याय के 23 वें पद से पढ़ना चाहता हूं।

फिर यहोवा ने मूसा से कहा,

इस्राएलियों से कह, कि सातवें महीने के पहिले दिन को तुम्हारे लिये परम विश्राम हो; उस में स्मरण दिलाने के लिये नरसिंगे फूंके जाएं, और एक पवित्र सभा इकट्ठी हो।

29 अब, यशायाह की पुस्तक में से, 18 वे अध्याय के पहले पद से आरंभ करके, इसे एक साथ जोड़ता है।

हाय, पंखों की फड़फड़ाहट से भरे हुए देश, तू जो कूश की नदियों के परे है;

और समुद्र पर दूतों को नरकट की नावों में बैठा कर जल के मार्ग से यह कहके भेजता है, हे फुर्तीले दूतो, उस जाति के पास जाओ... जिसके लोग बलिष्ट और सुन्दर हैं... जो आदि से अब तक डरावने हैं, जो मापने और रौंदने वाला भी हैं, और जिनका देश नदियों से विभाजित किया हुआ है।

हे जगत के सब रहने वालों, और पृथ्वी के सब निवासियों, जब झंड़ा पहाड़ों पर खड़ा किया जाए, उसे देखो, जब नरसिंगा फूंका जाये, तब सुनो!

30 यशायाह में 27:12 और 13।

उस समय यहोवा महानद से ले कर मिस्र के नाले तक अपने अन्न को फटकेगा, और हे इस्राएलियों तुम एक–एक कर के इकट्ठे किए जाओगे।

और ये उस दिन पर होगा कि वो बड़ा नरसिंगा फूंका जाएगा, और जो अश्शूर देश में नाश हो रहे थे और जो मिस्र देश में बरबस बसाए हुए थे, वे यरूशलेम में आकर पवित्र पर्वत पर यहोवा को दण्डवत करेंगे।

31 आइये हम फिर से प्रार्थना करे। प्रभु, इन वचनों को हमारे ह्रदय में आशीष करे। होने पाए हमारे विचारों और हमारा ध्यान तेरे आज्ञा के अनुसार हो। यीशु के नाम में। आमीन।

आप बैठ सकते हैं।

32 बहुत सारी चीजें हैं जिसे एक पास्टर अपनी सभा के लोगो से कहना चाहता है, जिसे वो पसंद करता है, उन विभिन्न स्थानो के अलग–अलग लोगों से, जो कि समय के वजह से हमें अनुमति नहीं देता है।

33 अब जैसे हम इस विषय पर आते हैं, हम चाहते हैं कि आप स्वतंत्रता को महसूस करें। और आप में से बहुत से लोग खड़े हुए हैं; और जब मैं आया, हॉल पूरा भरा हुआ था, और दरवाजों के बाहर, और सामने, और सारी इमारत में, और दीवारों के आसपास। सो, अब, यदि आप एक दूसरे के साथ बैठने के स्थान को बदलना चाहते हैं, तो यह अच्छा रहेगा।

34 अब, *तुरहियो का पर्व।* अब, यह इस्राएल का इकट्ठा होना था, जहां वे एक साथ इकट्ठा एकत्र होते थे, जो तुरहियो का पर्व था।

35 अब, मैं कुछ समय के लिए अपेक्षा कर रहा था कि—कि प्रकाशितवाक्य की किताब में से सात तुरहियों के विषय पर बोलूं। और अब हम इस बात की कुछ क्षण के लिए समीक्षा करने जा रहे हैं, ताकि मेरा इस बार इस पर नहीं बोलने का असली कारण सामने आये, क्योंकि पवित्र आत्मा मुझे इस बार इन चीजों पर बोलने नहीं देगा। मैं जानता हूं कि बहुत ही बचपना सा दिखाई देता है, हो सकता है, उन लोगों के लिए जो बढ़ी शिक्षा और समझ के साथ है, लेकिन मसीही लोगो के लिए यह बात अलग ही है। हम—हम आत्मा की अगुवाही का पालन करते हैं, केवल उसी का।

36 अब, मैंने सात कलीसिया युग के प्रचार पर ध्यान देना आरंभ करूंगा, जो कि प्रतिछाया है, या उन सब बातों का पूर्वानुमान है जो परमेश्वर कलीसियाओ के लिए करने जा रहा था, और कलीसियाओ के जरिये से, और उन्हें व्यवस्थित रूप से स्थापित कर रहा था।

37 प्रकाशितवाक्य की किताब के पहले तीन अध्याय वो कलीसिया के निमित होने वाली सारी घटनाओं को प्रकट करता है। फिर, तीसरे अध्याय से लेकर प्रकाशितवाक्य के 19 वें अध्याय तक, ये कलीसिया के लिए इसके बाद और नहीं देखा गया। कलीसिया प्रकाशितवाक्य के चौथे अध्याय में ऊपर चली जाती है, और प्रकाशितवाक्य के 19 वें अध्याय में वो वापस आते है, दूल्हा और दुल्हन, एक साथ, धरती पर आते हैं। और फिर 19 वें अध्याय से 22 वें अध्याय के अंत तक, यह सब सहशताब्दी पर है और इसके बाद के वर्षों में क्या होने वाला है। चौथे अध्याय से लेकर 19 वे अध्याय के दौरान, परमेश्वर इस्राएल के साथ व्यवहार कर रहा है।

38 अब, उसके बाद, जब हम कलीसिया के प्रकाशितवाक्य, की किताब के साथ समाप्त करते है, परमेश्वर ने उन सात कलीसियाओ के साथ क्या किया, जो उस समय पर उनकी आरंभ की अवस्था में थे, या उनकी छाया, अल्प एशिया में। तब पवित्र आत्मा ने प्रकट किया और हम पर वहां उन सारे रहस्यों को खोला, किस तरह से उसने इतिहास में से होते हुए उसकी कलीसिया को लेकर आया है। और यदि आपके पास *सात कलीसिया युग* की टेप नहीं है, तो अच्छा होगा कि आप उन टेपो को सुनें। और जल्द ही वे किताब के रूप में होंगे।

39 फिर उस पर छोड़ दिया, और यह समझते हुए कि कुछ समय के बाद हम मोहरों पर प्रचार करेंगे, ये नही जानते हुए कि वे मोहरे क्या थी।

40 मेरे पास अपने खुद के विचार थे, जैसे कि हर सेवक के पास होते है, उन किताबो को पढ़ते हुए, हो सकता है दूसरे मनुष्य ने इसके लिए क्या कहा था; और जितना मेरे लिए संभव हो सकता है उनके साथ विश्वास करते हुए, उन चीजों पर जो बातें उन्होंने बताई थीं, उनका निष्कर्ष। मैंने श्रीमान स्मिथ, ऊरिय्याह स्मिथ, जो सुसमाचार के शिक्षक है, मैंने उनकी किताब पढ़ी थी, और इस पर मैंने उसके—उसके विचारो को पढ़ा था। और मैंने श्रीमान लार्किन को पढ़ा था। मैंने पढ़ा था, ओह, बहुत से अलग–अलग लोगों को पढ़ा था, इस पर उनकी टिप्पणियों को पढ़ा। लेकिन, किसी ढंग से या भिन्न प्रकार से, मैंने सोचा कि मेरा अपना खुद का एक—एक छोटा सा इस पर दृष्टीकोण है, जो शायद ये विभिन्न स्थानों से हो। लेकिन एक बार प्रयास कर रहा था, कि तब उन तीन विषयों पर बोलूं, पहला... या चार घुडसवारो के चार विषयों पर बोलूं। मैंने उन विषयों पर चार रात प्रचार किया, एक घोड़े पर एक रात, और दूसरे पर।

41 लेकिन तब ऐसा होने से ठीक पहले, मुझे एक दर्शन दिया गया, जो टेप पर है, जैसा कि आप सब जानते हैं, *श्रीमान, ये क्या समय है?* कि मुझे ट्यूसान, एरिज़ोना जाना होगा। और वहां पीछे रेगिस्तान की तरफ, ऊपर पहाड़ में, जहाँ मैं कुछ भाइयों के साथ था, और बताया कि क्या ही एक बड़ा विस्फोट होने जा रहा है, और मैं... सात दूत नीचे उतर आए। मैं अपने आप में सोच रहा था, कि यह मेरे जीवन का अंत था; मैंने अपनी पत्नी से बिली को लाने के कहा, और बताया कि बच्चों के साथ क्या–क्या करना है, और इत्यादि, जब तक हम दूसरी तरफ फिर से नहीं मिलते।

42 तब एक दिन सबिनो कैन्यन में, जब परमेश्वर ने मुझे सुबह–सुबह को वहां पर बुलाया, मैं वहां ऊपर अपने हाथों को हवा में उठाये हुये, प्रार्थना कर रहा था और मेरे हाथों में एक तलवार आ गई। आप यह जानते हैं। मैं वहां खड़ा था और तलवार की ओर देखा, बस उतनी ही स्वाभाविक रूप से थी जैसा कि मेरा अभी ये हाथ है, ये नहीं जानता था कि इसका क्या मतलब है। और इसने मुझे एक आवाज के साथ छोड़ दिया, जिसने कहा, "यह राजा की तलवार है।" और फिर, बाद में, जब प्रभु के दूत ने इसे प्रकट किया, तो यह वो वचन था जो हाथ में था।

43 इसके तुरंत बाद, प्रभु के दूत उपस्थित हुए और उसने सात तुरहियो के बारे में बताया... या सात मोहरों के बारे में, जिसे मुझे यहाँ वापस जेफरसनविले में आकर और सात मोहरों को प्रचार करना था। और, वहां, यदि मैंने कभी भी ऐसा कुछ कहा है जो प्रेरणा से था, तो यह उसी में था। जहाँ उस प्रभु के दूत ने हमसे मुलाकात की, और बाईबल एक नई बाईबल बन गई। वहां पर यह खुल गई और सारी चीजो को प्रकट किया जिसे सुधारकों और इत्यादि ने छोड़ दिया था। यह यीशु मसीह का सम्पूर्ण प्रकाशन है, कुल मिलाकर हमारे लिए नया है, लेकिन सिद्ध रूप से बिल्कुल वचन के अनुसार ही था। वो वचन था जो हमेशा से ही वचन रहा है। मैं बहुत ज्यादा प्रेरणा से भर गया और निर्देशित हुआ था।

44 फिर जब मैं यहाँ इस भाग में आया हूं, इस सात तुरही को प्रचार करने के लिए, मैंने सोचा था, "तो, मैं कुछ भी सोचने की कोशिश नहीं करूंगा। मैं बस उस समय तक रुके रहूंगा और उसे मुझ पर प्रकट करने दो।" और फिर कल जब मैं... मैं कमरे में गया और सोच रहा था कि... या, मुझे आप क्षमा करे, यह परसों का दिन था। जब मैं कमरे में गया, ताकि समझने की कोशिश करूं, यह वहां पर था जिसे पवित्र आत्मा ने इसे मुझ पर खोल दिया, मुझे उस कारण को दिखाने के लिए जो इस समय कलीसिया के लिए ये लाभदायक भी नहीं है, क्योंकि इसका कलीसिया से बिल्कुल भी कोई लेना–देना नहीं है।

45 अब, उन छिपे रहस्यों को पूरी तरह से सात मोहरों में प्रकट किया गया था।

46 इसे पहले प्रकट किया गया है, सात कलीसिया के युग, युगों को खोलकर और उन्हें सही तरह से स्थान में रखा गया, दोनों में इतिहास और बाईबल के साथ, और उन्हें स्थान में स्थापित किया, कि वे कैसे थे। और हम खुद को अंतिम युग में पाते है, लौदीकिया कलीसिया युग का होना, जो सारे कलीसिया युगों में सबसे अधिक भ्रष्ट युग था। यहाँ तक उस पहले युग से लेकर, इफिसियों से, जो एक महान कलीसिया का युग था।

47 और फिर किस तरह से, यहाँ, पवित्र आत्मा ने मुझे एक दर्शन को दिया, और यह देखते हुए कि क्या बात जगह लेगी, मैंने दो वर्ष पहले ब्लैकबोर्ड पर चित्रित किया था। यहाँ पर ऊपर वो चित्र लगा हुआ है, कि कैसे उजियाला धरती पर कम–कम होते जा रहा था, जो बिल्कुल ठीक उसी तरह से होगा

जो वो उजियाला सुसमाचार के रूप में धरती पर आता हैं, और यह किस तरह से कम और ज्यादा धुंधला होता रहेगा। उस समय पर इसे नहीं समझ पा रहा था, कि इसका क्या अर्थ था और यह कैसे होगा।

48 लेकिन रोम के साथ उस बड़े दुनियावी संसार एक—एक मिलान हो रहा था; और रोम, जो सारे संगठनों की माता है। वो पोप, इतिहास में पहली बार, वेटिकन को छोड़कर और यरूशलेम और बहुत से स्थानों पर गया। अब, यरूशलेम हमारे सारे धर्मों के प्राचीन स्थापना है, जो यरूशलेम है। और इस प्राचीन स्थापना में, रोम का पोप, जो हर समय कलीसिया का सबसे बड़ा शत्रु रहा है, वहां से रोम जाने के लिए निकलता है... मेरा मतलब रोम से फिलिस्तीन, यरुशलेम जाने के लिए निकलता है।

49 और जैसा कि हम देखते हैं, मैं खुद अशिक्षित होने के वजह से, वचनों को नही जानते हुए और उन्हें कैसे बोलना है, मैंने इसे हमेशा ही प्रतिछाया को लेकर सिखाया है, प्रकृति के उदाहरण को लेकर। प्रकृति, प्रकृति का अनुसरण करेगी। प्रकृति परमेश्वर की है।

50 जब आप एक समय देखते हैं जब गाय–बैल, मैदान में, वे सारे एक साथ मैदान के कोने में जमे हुए रहते हैं, अपने मछली के कांटे को पानी में से बाहर निकाले; मछली इसे नहीं पकड पायेगी, आप उन गाय–बैल को कभी नहीं पकड़ पायेगे; देखो, गाय–बैल विश्राम करते है, जब तक आप उनमें से पड़े हुए तब किसी एक को न छेड़े। लेकिन जब गाय–बैल चारा खाने जाते हैं, तब देखना। उसी समय पर गाय–बैल ऐसा करते हैं, पक्षी भी पेड़ों पर चले जायेंगे; वे खाना छोड़ देंगे। देखो, यह प्रकृति है। यह सब एक साथ मेल खाता है। आप उस समय पर मधुमक्खियों को ध्यान दे, उनके शहद पर भिनभिनाती है, ना ही इसे एकत्र करती है। सारी प्रकृति एक साथ काम करती है।

51 और इसलिए, जैसे हम देखते हैं कि एक पेड़ एक पत्ती को ऊपर लेकर आता है, अब बहुत ही जल्द, अगले कुछ ही महीनों में, पत्ता पेड़ से टूटने लगेगा। और वो—वो जीवन, जीवन का सार, नीचे जड़ में चला जाता है। और पेड़ की पत्ती टूट कर और नीचे जमीन पर गिर जाएगी और सड़ जाएगी। और कैल्शियम और—और पोटाश, और ये जो पेड़ के पत्ते में होता है, जमीन में गिरकर सड़ जाता है। और क्या हुआ? वो जीवन इसके आगे निकल जाता है, और इसे वापस सीधे अपने आप में खींच लेंता है,

और उस पत्ते को फिर से वापस लेकर आयेगा। यह एक मृत्यु है, दफन करना और पुनरुत्थान है।

52 और सारी प्रकृति! और चाँद सूर्य की पत्नी है। उसके पास कम उजियाला होता है। और फिर, ऐसा भी है, कि जब सूरज चला जाता है, तो सूरज की अनुपस्थिति में, चंद्रमा पृथ्वी के लिए उजियाले को प्रतिबिब करता है, जो कि एक कलीसिया का नमूना है। और जब पोप चला जाता है, जो कलीसिया का सबसे पुराना शत्रु है, और यरूशलेम की ओर आता है, जो कलीसिया का गढ़ है; जोकि, नया यरूशलेम और पुराना यरूशलेम है; हमने देखा, ऐसा होने से पहले, वहां चंद्रमा पूरी तरह से अन्धकारमय हो गया था।

53 और अखबारों में, सारे राष्ट्र भर में जैसा कि हमारे पास यहाँ बोर्ड में चित्रित है, इसे सामने प्रदर्शित किया कि कैसे वो चंद्रमा उजियाले से अन्धकार में बदल गया। और उसी तरह की बड़ी घटना, जो उस चाँद को बिल्कुल उसी तरह से चित्रित किया गया, यही वो बात है जिसे पवित्र आत्मा ने मुझे दो वर्ष पहले यहाँ चित्रित कारवाया था, और दिखाते हुए... ढांकते हुए... जब ये छः चित्र हो गये, तो मैंने वहां सातवें को डाल दिया, क्योंकि सातवां कलीसिया काल, जिसमें केवल उजियाले का एक हल्का सा प्रतिबिंब था, जो कि... यही है जहाँ यीशु, दरवाजे पर खटखटा रहा है। लेकिन यह पूरी तरह से अंधकार में चला गया है।

54 और क्या ही प्रतिबिंब है, क्या ही स्वयं परमेश्वर की ओर से संदेश है, कि ये बातें सत्य हैं! इसे पहले उसके वचन में बताया, फिर आत्मा के द्वारा मंच पर, और उसके बाद इसे आकाश में घोषित किया। वहां इसमें बिल्कुल ही कोई गलती नहीं है। वे मोहरे और युग पूरी तरह से क्रम में हैं, पूरी तरह से, परमेश्वर अलौकिक चिन्हों और चमत्कारों के द्वारा वचन और इतिहास के साथ गवाही को दे रहा है, सभी को एक साथ रखा, उस युग में जिसमें हम अब रह रहे हैं।

55 अब ये कलीसिया के लिए इसे देखना मुश्किल है। यह संप्रदायों के लिए इसे देखना मुश्किल है। वे हमेशा यह सोचने की कोशिश करते हैं कि आप, लोगों को जोर–जोर से चिल्लाकर बाहर निकालने का प्रसास करते हैं। आप ऐसा नहीं करते; आप तो लोगों को चेतावनी देने का प्रसास करते हैं। ये उनका बुरा करने का प्रयास नहीं होगा; आप तो उन्हें बुराई से

निकालने की कोशिश करते हैं। यह तो संगठनों में लोग नहीं हैं; यह तो वो शिक्षा है जिसमें वे रहते हैं, जो उन्हें घात कर रही है। ईमानदार, सच्चे लोग जो कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट, यहूदी, और जो भी वे हैं। यह मनुष्य जाति है, जो—जो...

56 नन, वो बुरी स्त्री बनने के लिए नन के मठ में नहीं जाती हैं; वे अच्छी महिला बनने के लिए वहां पर जाती हैं। वे परमेश्वर के नजदीक आने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह तो वे शिक्षाये है जो उन्हें दूषित कर देती है। लोग कलीसिया से जुड़ते है, ना हीं एक बुरा व्यक्ति बनने के लिए, लेकिन एक अच्छा व्यक्ति बनने के लिए। लेकिन यह तो कलीसिया की शिक्षा है जो उन्हें वचन और उन व्यवस्थाओ से खींच लेती है, जिसे परमेश्वर ने इस दिन के लिए रखी हैं; और यही है जो उन्हें बाहर कर देता है।

57 अब याद रखें, परमेश्वर वचन है, और हर एक युग में उसने वचन को निर्धारित किया है, हर एक युग के लिए जो धरती पर होगा। उसने इसे कलीसिया के युग में निर्धारित दिया, और सात मोहरों ने इसके हर एक अंश को प्रकट किया। समझे?

58 वहां क्यों... क्यों वहां रहस्य थे जो अभी भी छिपे हुए थे? प्रकाशितवाक्य 10, हम सातवें दूत के संदेश के अंत में देखते हैं, कि, ये रहस्य जो छिपे हुए थे, वे प्रगट होंगे, प्रकाशितवाक्य 10: 1 से 7। ध्यान दे, इसका कारण यह है क्योंकि इस युग के दौरान कोई भविष्यव्यक्ता नहीं थे। बाईबल ने कहा, कि, "परमेश्वर कुछ नहीं करता है जब तक वो इसे उसके भविष्यव्यक्ताओं, उसके सेवकों, भविष्यव्यक्ताओं को प्रकट नहीं करता है।" और सारे युगों में प्रभु का वचन हमेशा भविष्यव्यक्ताओं के पास आया, ना ही कभी एक सिद्धांत के लिए, ना ही कभी एक झुण्ड के लिए।

59 ना ही परमेश्वर ने कभी एक झुण्ड का उपयोग किया। हर समय कोई भी लोगों का झुण्ड संगठित हुआ, तो परमेश्वर ने उसे छोड़ दिया और वो कभी वापस नहीं आया। इतिहास में ढूंढे और देखें कि यह सही है या नहीं। हम पहले ही इसे बता चुके हैं। ना ही कभी वो एक सिद्धांत या एक झुण्ड के साथ व्यवहार करता है, उनके संगठित होने के बाद; यह परमेश्वर के विरुद्ध होता है।

60 इसलिए, सुधारको के समय के दौरान, वे सुधारक आये, क्योंकि सात मोहरों ने प्रकट किया कि ऐसा था। लेकिन अब अंतिम दिनों में इसे फिर से प्रकट किया जाना था। क्योंकि, हम वचन में पाते हैं, मलाकी 4 में, कि वहां एक अभिषेक को उतर कर आना है, और उस मूल विश्वास को फिर से लौटना है, "और लोगों के विश्वास को मूल पेंटीकोस्ट की ओर वापस लौटाने के लिए, जो पूर्व पिताओ का विश्वास है।"

61 और हमने पहले दौर के एलिय्याह को लिया; हमने उसका अनुकरण करने के लिए एलीशा को लिया; हमने उसके बाद यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को लिया, जो उस दिन का एलीशा था, और इस दिन के लिए, एक और की प्रतिज्ञा की गयी है।

62 अब, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला, ये मलाकी 4 का एलीशा नहीं था। वह मलाकी 3 का एलीशा था। यीशु ने ऐसा कहा। "देखो, मैं अपने आगे, अपने संदेशवाहक को भेजता हूं, कि मार्ग को तैयार करे।" हम उसे ऐसा करता हुआ पाते है।

63 अब, ऐसा करने में, उन पद स्थानो को देखने में, हम जानते है वे बाकी के सारे वचन परमेश्वर की प्रेरणा से है, हम पर प्रकट करता है कि हम अंतिम दिन में हैं।

64 अब, यदि मैं पेंटीकोस्ट के संदेश के साथ आता हूं, तो मैं लौदीकिया युग में रहूंगा, और यह सही नहीं होगा।

65 यही वो कारण है कि वेसली, लूथर के संदेश को नहीं ले सकता है। लूथर एक कलीसिया के युग में था, और वेसली दुसरे ही कलीसिया के युग में था। यदि यीशु आता है... मूसा के संदेश के साथ, तो यह काम नहीं करेगा। यदि मूसा नूह के संदेश के साथ आता हैं, तो यह काम नहीं करेगा।

66 लेकिन परमेश्वर ने उसके—उसके—उसके हर युग के लोगों के लिये, एक वचन को निर्धारित किया। और इससे पहले वो युग समय के अंदर अस्तित्व में आ सके, फिर उन कलीसियाओ ने इसे इतना मिला-जुला दिया कि वे—वे नहीं जानते थे कि वे कहाँ पर समय हैं।

67 यही वो कारण है कि वे पहचानने से चुक गये कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है। वे, उनके रीती-रिवाजो ने उनकी आंखों को अंधा कर दिया था, लेकिन ऐसा बिल्कुल वचन के अनुसार ही था।

68 उसी तरह से वे नबी थे। यीशु ने कहा, "तुम में जो, तुम्हारे पूर्व पिताओ ने, क्या उन भविष्यव्यक्ताओं पर पत्थरवाह नहीं किया जिन्हें तुम्हारे लिए भेजा गया था? " तब परमेश्वर अपने भविष्यव्यक्ता को भेजता है... और भविष्यव्यक्ता परमेश्वर का जीवित वचन है, जो प्रकट हुआ।

69 यीशु ने कहा, "तुम मुझे कैसे दोषी ठहरा सकते हो, इस बात को कहने के लिए कि, 'मैं परमेश्वर का पुत्र हूं, ' और तुम अपने खुद के नियम में कहते हो... तुमने कहा, जिनके पास प्रभु का वचन आया, " वे जो भविष्यव्यक्ता थे, "तुमने उन्हें 'परमेश्वर' कहा। और वे परमेश्वर हैं, क्योंकि वचन को तोड़ा नहीं जा सकता है, " उसने कहा। "फिर भला तुम कैसे दोषी ठहरा सकते हो? " जब वह... वे नियम का एक भाग थे, वे परमेश्वर के वचन का भाग थे, लेकिन यीशु परमेश्वर के वचन की सम्पूर्णता था। उसके संपूर्ण छुटकारे की योजना, परमेश्वर की संपूर्ण योग्यता, उसी में थी।

70 और अब, कलीसिया युग में से होते हुए, उन्होंने ऐसा ही किया है। और सात मोहरों को उन सारे रहस्यों को प्रकट करना है, जो उस समय के दौरान छोड़ दिए थे, क्योंकि हम बिना भविष्यव्यक्ताओं के हैं, और वचन सुधारकों के पास नहीं आता हैं। भविष्यव्यक्ताओं के पास आता है!

71 परमेश्वर बदलता नहीं है। मलाकी 3 में, कहा, "मैं परमेश्वर हूं, और मैं बदलता नहीं।" परमेश्वर का कुछ भी करने का जो पहला तरीका होता है, हमेशा यही कुछ भी करने का परमेश्वर का तरीका होता है। परमेश्वर ने तय किया कि वह उस एक निर्दोष के बहाए हुए लहू से बचाएगा, अदन के बगीचे में, और उसने तब से इसे कभी नहीं बदला है, और इसे बदल नहीं सकता है। हमने शिक्षा के द्वारा कोशिश की है, इमारतों के द्वारा, सिद्धांतो के द्वारा, संप्रदायों के द्वारा, नीतियों के द्वारा, और हर एक चीज से और यह सब विफल रहा है। लेकिन वहां केवल एक ही स्थान है जहाँ परमेश्वर मनुष्य से मिलता है, वो है, निर्दोष के बहाए हुए लहू के नीचे। केवल लहू के द्वारा! यह उसका पहला निर्णय था। समझे?

72 हम एक निर्णय को ले सकते हैं, और अगले वर्ष हम बेहतर सोच सकते हैं। हमारे पास अगले वर्ष इससे भी बेहतर विचार हो सकता है। परमेश्वर ऐसा नहीं कर सकता; वह अनंत है। उसका पहला निर्णय एकदम सिद्ध होता है; इसे कोई नहीं हिला सकता है। मैं और अधिक सीख सकता हूं; हम सिमित हैं। मैं और सीख सकता हूं; आप और सीख सकते हैं। लेकिन परमेश्वर

और नहीं सीख सकता हैं; वह आरंभ से ही सिद्ध है। और, इसलिए, जो उसका पहला निर्णय है, उसी पर आपका प्राण विश्राम करता है। बाईबल जो कहती है, बात ख़त्म हो जाती है!

73 परमेश्वर को किसी दिन संसार का न्याय करना है। और कैथोलिक कहते है कि वो कैथोलिक कलीसिया के द्वारा इसका न्याय करेगा। यदि ऐसा है तो, कौन सी कैथोलिक कलीसिया? वे तो एक दूसरे से भिन्न है। यदि आप प्रोटेस्टेंट के द्वारा करने जा रहे है, कौन सा प्रोटेस्टेंट? वे तो एक दूसरे से भिन्न है। और यह थोड़ा पेचीदा हो जायेगा; कोई भी नहीं जानेगा कि कहां खड़ा होना है। यदि मेथोडिस्ट सही है, तो बैपटिस्ट नष्ट हो जायेंगे। यदि प्रोटेस्टेंट सही हैं, तो कैथोलिक नष्ट हो जायेंगे; कैथोलिक सही है, तो प्रोटेस्टेंट नष्ट होता है।

74 लेकिन बाईबल ने कहा कि वह यीशु मसीह के द्वारा संसार का न्याय करेगा, और वो वचन है। तब, वो वचन के द्वारा ही इसका न्याय करेगा।

75 और सारे संप्रदाय उस वचन से दूर हो गये हैं, अपनी–अपनी संस्थाओ को बनाने के लिए। मैं अब किसी से भी पूछता हूं मुझे यह साबित करे कि वे कहाँ पर पूरे वचन को लेते हैं। वे इसे नहीं कर सकते, क्योंकि इसे मनुष्य की एक शिक्षा के द्वारा नियंत्रित किया जाता है। जहाँ पर आपके पास मनुष्य होता है...

76 परमेश्वर ने कभी भी ऐसा व्यवहार नहीं किया, लेकिन एक समय पर एक ही मनुष्य के साथ व्यवहार करता है। यहाँ तक उसके पास कभी भी एक ही समय पर दो भविष्यव्यक्ता नहीं थे। एक ही! परमेश्वर अपने हाथ में एक मनुष्य को ले सकता हैं। वह आपसे व्यवहार नहीं करता... आपकी संगठना से व्यवहार नहीं करता; वह तो आपके साथ व्यवहार करता है।

77 अब, उसी आधार पर, हम तुरही के पर्व पर आते है, जो छिपे हुए रहस्य है। इसकी भविष्यवाणी की गई, इसे उसी तरह से होना था, इसीलिए इसे उसी तरह से प्रकट किया जाना चाहिए जैसा ये था। लेकिन इस अंतिम दिन में प्रकट होने के लिए, उसे बिल्कुल उसी तरह से पूरा होने के लिए जिसे मैंने अभी बताया है, मलाकी उसका चौथा अध्याय, लूका का सत्रह अध्याय, और 30 वा पद, वो इसे किस तरह से करेगा, और इब्रानियों 13: 8, इब्रानियों 4:12, और उनमें से बहुत से वचन जो हमें बताते हैं। अब, यदि यह आप में से कुछ लोगो के लिए अज्ञात है, तो मैं कह सकता हूं कि

परमेश्वर हमेशा... जिस तरह से लोगों के बीच परमेश्वर को जाना जाता है वह भविष्यव्यक्ता के द्वारा होता है।

78 यहूदी हमेशा ही जानते थे अपने भविष्यव्यक्ताओ पर विश्वास करना है। उसने कहा, "यदि तुम्हारे बीच में एक ऐसा होगा, तो मैं वो प्रभु, आत्मिक सपनों में और दर्शन में, उससे बात करूंगा। और, वो जो कहता है ये पूरा होता है, तो उसकी सुनना।" वे हमेशा से ही थे...

79 यही है कि वे यीशु को पहचानने से चुक गये, और उसे कुछ तो और समझने लगे थे, सो उन्होंने उसे एक दुष्ट आत्मा बना दिया, "बालजबुल," क्योंकि वो उन विचारों को परख सकता था जो उनके ह्रदय में होते थे। हम हमेशा से ही जानते हैं कि यह एक वचन का चिन्ह है।

80 इब्रानियों के चौथा अध्याय 12 वे पद में कहा, "परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी तेज है, और मन की भावनाओं और विचारों को जांचता है।"

81 "जब वो पवित्र आत्मा तुम पर उतरेगा, तो वो तुम्हे मेरे द्वारा कही गई इन बातों को याद दिलायेगा, और आगे होने वाली बातों को दिखाएगा।"

82 "परमेश्वर, थोड़ा–थोड़ा करके और भांति–भांति से," इब्रानियों 1, "पूर्वजो से भविष्यव्यक्ताओं के जरिये से बातें की, इस अंतिम दिनों में पुत्र के द्वारा बात की, जो यीशु मसीह है।" वही परमेश्वर, जो भविष्यव्यक्ताओं से बदलकर पुत्र बन गया। ऐसा ही है। समझे? हमेशा वही सन्देश होता है, जिसे करने का वही तरीका होता है।

83 अब, यह भविष्यवाणी की गई कि कलीसिया ऐसी स्थिति में होंगी, उन्हें फिर से वापस लौटाया जाना था। और उसने मलाकी 4 में कहा, कि वह "एलिय्याह नबी को भेजेगा, और फिर से लोगों के लिए वापस लौटाएगा," साथ ही... इसे लाता है। ध्यान देना। और ठीक उसके पहले... या, उसके संदेश के ठीक बाद, एक समय आयेगा जब संसार जल जाएगा, और धर्मीजन राख पर चलेंगे।

84 अब, ये बात कुछ धर्मशास्त्रीयों के लिए है, जो हो सकता है संसार भर में कहीं तो टेप को सुनेंगे, यदि आप सोचते है कि वो यूहन्ना था, तो याद रखें, तब, वचन गलत है, क्योंकि यूहन्ना के संदेश के बाद संसार नहीं जला। यीशु लोगों को सहशताब्दी में लेने के नहीं आया; लेकिन उसने इसे करने

की प्रतिज्ञा की, ये तो एलिय्याह की आत्मा के फिर से धरती पर आने के बाद ही होगा।

85 ध्यान दे, अब मलाकी 4 में, हम यहां देखते हैं कि यह लौटाये जाने पर होना होगा (क्या?) लोगो का विश्वास वापस मूल पूर्व पिताओं की ओर लौटाया जाना है, उस पेंटीकोस्टल की शिक्षा की ओर, जो मूल पूर्व पिता है। और वो लोगों को वापस पिताओं की ओर लौटायेगा।

86 हम लूका 17 में पाते हैं, यीशु ने कहा कि जब वह इस अंतिम दिनों में आता हैं, लूका 17:33, हम पाते है कि यीशु ने कहा, "जैसा कि लूत के दिनों में था, वैसा ही यह मनुष्य के पुत्र के आने पर होगा, जब मनुष्य का पुत्र प्रकट होता है।"

87 अब ध्यान दे, वह तीन पुत्रो के नाम में आता है। वह दाऊद के पुत्र के नाम पर आता है... या, मनुष्य का पुत्र, परमेश्वर का पुत्र, दाऊद का पुत्र।

88 अब, उसे मनुष्य के पुत्र के नाई आना था, क्योंकि वो एक भविष्यव्यक्ता था। यहोवा, खुद, भविष्यव्यक्ता को, "मनुष्य के पुत्र" कहकर बुलाया और यीशु ने स्वयं को कभी भी परमेश्वर के पुत्र के नाई संबोधित नहीं किया। उसने हमेशा ही स्वयं को मनुष्य के पुत्र नाई संबोधित किया। और ध्यान देना, उसने खुद को बाद में भविष्यव्यक्ता की नाई प्रकट किया, वो नबी। कहा, "यदि मैं अपने पिता के कामों को नहीं करता, तो इसे विश्वास नहीं करना।" उसने हर उस कथन को पूरा किया जो उसके बारे में वचन में बोला गया था, यहाँ तक कि उसकी मृत्यु, दफन होना, पुनरुत्थान भी; उसका क्रूस पर चढ़ाया जाना, उसका जन्म, सब कुछ। और उसके कार्य में, उसने नबी के कथन को पूरा किया, मनुष्य का पुत्र।

89 अब वह कलीसिया युगों में से होते हुए प्रकट हुआ है, अब देखना, कलीसिया युगों में से होते हुए, परमेश्वर के पुत्र की नाई। परमेश्वर एक आत्मा है, पवित्र आत्मा, उसने खुद को कलीसिया के युगों में प्रकट किया, सभा के लोगो में, लोगों के बीच पवित्र आत्मा के नाई।

90 हम पाते हैं, लौदीकिया कलीसिया युग में, जो अंतिम युग है, उसे कलीसिया से बाहर रखा गया है। कहीं पर भी किसी भी युग में कभी भी उसे बाहर नहीं रखा है, सिवाय लौदीकिया युग में। "क्योंकि, उन्होंने कहा, 'हम धनी हैं और हमें किसी चीज की आवश्यकता नहीं है।' और यह नहीं

जानते कि तुम अभागे, कंगाल, नंगे और अंधे हो, और इसे नहीं जानते।" उसे कलीसिया के युग में बाहर रखा गया था।

91 और फिर, लूका 17 के अनुसार, उसने कहा, "जैसा कि सदोम के दिनों में था, वैसा ही यह मनुष्य के पुत्र के आने पर होगा।" अब, वह उसी उत्पत्ति को पढ़ रहा था, जो हम पढ़ते है। ध्यान दे, सदोम में, क्या घटित हुआ। सदोम में ये क्या था? अब्राहम...

92 हमेशा ही तीन वर्गों के लोग होते हैं। वहां अब्राहम था, वो चुना हुआ था, उसे बाहर बुलाया गया था और खुद सदोम से बाहर। वहां लूत था, कलीसिया का सदस्य, या वहां पर संप्रदाय का व्यक्ति; वह उस संसार का भाग बन गया, जो नगर का मेयर होने के नाते, फाटक में बैठा हुआ था; वह न्यायी था, जो एक मेयर है। और वहां अपने आप में सदोम था।

93 अब, संध्या के समय, या दिन के मध्य में, जब अब्राहम अपने बतुल के पेड़ नीचे था, तीन दूत उसके सामने उपस्थित हुए। उनमें से दो सदोम में चले गये, और सुसमाचार का प्रचार किया और उन्हें बाहर बुलाने का प्रयास किया। उन्होंने ऐसा नही किया; वे दूषित हो गये थे। लूत, और केवल उसकी पत्नी, और उसकी दो बेटियां बाहर निकलने लगे। और उसकी पत्नी नमक के एक खंभे में बदल गई।

94 लेकिन वो एक जो अब्राहम के साथ रुका और उससे बात की, जिसे अब्राहम ने, "एलोहिम, सर्वशक्तिमान" कहा। उत्पत्ति 1, "परमेश्वर! आदि में, परमेश्वर," एलोहिम, वो—वो एक सब कुछ देने वाला, एक स्वयं अस्तित्व में रहने वाला। अब्राहम ने उसे, "एलोहिम" कहकर बुलाया। और उसने नीचे बैठकर अब्राहीम के साथ भोजन खाया; उसने पीया; वह मनुष्य के देह में था। और उस चिन्ह को देखे जिसे वो अब्राहम को देता है।

95 अब, वे एक आने वाले पुत्र के लिए देख रहे थे, एक प्रतिज्ञा किया हुआ पुत्र, इसहाक। पच्चीस वर्ष, एक लंबी यात्रा पर, उन्होंने इसके लिए देखा था, लेकिन वे यात्रा के अंत में थे। परमेश्वर बहुत से रूपों में दिखाई दिया था, जैसा कि वो कलीसिया युगों में से होते हुए आता है, प्रकाश में, और इत्यादि में दिखाई दिया, जैसा कि उसने अब्राहम से बात की, और आवाज़ों के द्वारा। लेकिन आने वाले पुत्र के पहुँचने से पहले... अब हम इन बातों में से होते हुए गये हैं, और आप जानते हैं कि मैं इसे दोहरा रहा हूं ताकि इसे

आप को समझा सकूं। कि, उसने तुरंत इसके बाद अब्राहम और सारा के शरीर को बदल दिया, जिससे वे पुत्र को प्राप्त कर सके।

96 ध्यान दे, वो अंतिम चिन्ह जो उन्हें पुत्र के आने से पहले मिला, यहोवा एक मनुष्य के नाई उनसे बात कर रहा था। और उन्होंने कैसे जाना कि यह यहोवा था, क्योंकि उसने कहा, "अब्राहम," ना ही अब्राम। कुछ ही दिन पहले, परमेश्वर ने उसका नाम बदला था। "तेरी पत्नी साराह कहाँ है?" ना ही s–a–r–r–a (सारा); लेकिन *S–a–r–a–h* (सारह), "राजकुमारी।"

और अब्राहम ने कहा, "वह आपके पीछे तम्बू में है।"

97 और उसने कहा, "मैं," यह एक व्यक्तिगत सर्वनाम है, "मैं तुमसे अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार मुलाकात करूंगा। जीवन के समय पर, अगले अट्ठाईस दिन, सारा के साथ कुछ तो होने वाला है।"

98 और साराह, तम्बू में, अपने आप में मुस्कुरायी, और अपने ह्रदय में कहा, "यह कैसे हो सकता है, देखते हुए मैं बूढी हो गयी हूं; और क्या मेरे स्वामी अब्राहम से सुख मिलेगा, वो भी बुढा है?"

99 और दूत, या, उस मनुष्य ने कहा, "साराह ने अपने ह्रदय में ऐसा क्यों कहा?" जो उसके पीछे तम्बू में थी! "उसने क्यों कहा कि ये चीजें नहीं हो सकती हैं?" देखा? एक मनुष्य शरीर में, जैसे एक नबी, फिर भी यह एलोहिम था जो साराह के ह्रदय में के विचारो को परख रहा था, जो उसके पीछे थी।

100 और यीशु ने कहा, "जैसा कि ये लूत के दिनों में था, सो ऐसा ही संसार के अंत में होगा, जब मनुष्य का पुत्र," परमेश्वर का पुत्र नहीं, "जब मनुष्य का पुत्र प्रकट होगा।"

101 यह युग में से होते हुए नहीं हुआ था। क्या वचन की सिद्ध निरंतरता को देख रहे है? यहाँ हम इसमें रह रहे हैं। वे रहस्य: यहां तक कि प्रभु यीशु के नाम में का बपतिस्मा, और एकता की धारणा से दूर; और ये अन्य बातें, कैसे पवित्र आत्मा ने आगे आकर और इसे सिद्ध रूप से दिखाया है; और पवित्र आत्मा का सच्चा बपतिस्मा, वो चिन्ह (टोकन) और हर एक चीज को, और इसे स्थान में रखा; और कैसे वो हर एक सुधारक को और बिल्कुल सही–सही हर एक चीज को रखा। और, देखो, हमारी अपनी आँखों के ठीक सामने, और यह एक कोने में नहीं है। यह तो सारा

संसार जानता है। यीशु, परमेश्वर का पुत्र, स्वयं को वचनों के जरिये से प्रकट कर रहा है, वचन को स्थापित कर रहा है (जो *इस* दिन के लिए पहले से ठहराया गया है, जैसे यह *उस* दिन के लिए था, और *दुसरे* दिनों के लिए था) जो रहते थे। और इसे विश्वास करना, ये पवित्र आत्मा का प्रमाण है।

102 धार्मिकता, आप इसका उच्चारण बस ऐसे नहीं कर सकते कि "कलीसिया जाना" ये पवित्र आत्मा का प्रमाण है। यदि आप करते हैं, तो ये बात तो उन फरीसियों के पास थी। समझे? आप इसका उच्चारण ऐसा नहीं कर सकते "हिलना–डुलना या कूदना" ऐसे होना... यदि आप करते हैं, मूर्तिपूजक ऐसा करते है। यदि आप कहते हैं, "अन्य जुबान में बोलना," क्या—क्या शैतान की आराधना अन्य भाषा में नहीं की जाती है? मुझे एक भी बताये।

भाई जैक्सन अफ्रीका से यहां बैठे हुए है, जो अफ्रीका से है, वे आपको इसे बता सकते है। मैं यहां भारतीय शिविरों में रहा हूं, मोह–वंश करने वाले और मैंने जादूगरों को खुद को काटते हुए देखा है, और वे अपने लहू को निकालते है, और अन्य जुबान में बोलते है; और—और ओझा जादूगर इसका अनुवाद करते हैं, और उन्हें एक पेंसिल रखते हुए और अन्य भाषा में लिखते हुए देखा हैं। तो ये वो बात नहीं है। लेकिन यदि ये ...

103 सच्चा प्रमाण क्या है? यीशु ने कहा, "यदि तुम विश्वास करते हो कि मैं वो हूं।" और वो वचन है।

104 उन्हें ये क्यों नहीं मिला? यहूदियों को ये क्यों नहीं मिला? वे धर्मी मनुष्य थे; वे भले मनुष्य थे; वे पवित्र मनुष्य थे, और सभी तरह के मनुष्य थे; लेकिन, वे जिन्हें वचन को सुनने के लिए पहले से ठहराया गया है!

105 "और आप कैसे जानेगे कि यह वचन है या नहीं? हर एक जन यही कहता है।"

106 यह बाईबल की प्रतिज्ञा है जो उस युग के लिए प्रमाणित हुई है, आप वहां पर हो, आप तब वहीं पर वापस आते है जहाँ पवित्र आत्मा है। कुछ ही मिनटों में, तुरही की आवाज़ पर ध्यान देंगे, कि यह क्या घोषित करती है। तुरही, सुसमाचार की तुरही, देखो जो इसे सुन सके। याद रखें, वे जो दीवार से घिरे नगरो में थे, वे लोग जुबली में बाहर नहीं आ सके। नहीं, श्रीमान। वे दीवारों में थे; वे वहीं पर बने रहे। यह पूरा हुआ था; वे उनके

सारे जीवन भर गुलाम रहे, और उन्हें छाप लगाई गई थी। अब जैसा कि हम इन सारे नमूनों को देखते हैं, ध्यान दे।

107 अब, ये प्रतिक्रिया, मलाकी 4, और यह सब, और इब्रानियों 13:8, "यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है," वह हमेशा ही वचन बना रहता है, वचन प्रकट बना। बिल्कुल यही है जो उसने भविष्यव्यक्ताओं को घोषित किया। एक *भविष्यव्यक्ता का* मतलब केवल "एक नबी या आगे की बातो को बताने वाला" नहीं होता है; इसका मतलब होता है, "उस लिखित वचन का एक प्रकट करने वाला।" उसके खुद के जीवन में से, उसके खुद के कार्यों से प्रकट करता है और उस दिन के वचन को प्रमाणित करता है; जैसे नूह का जहाज को बनाना; वहां आगे मूसा; और जो भी है; और कोई भी प्रतिज्ञा, उस घडी के लिए जो प्रतिज्ञा वचन है।

108 अब हम जानते हैं कि वो हमारे साथ है। हम यह विश्वास करते हैं। आप देखते है उसका वचन प्रकट बना, तस्वीरों के जरिये से, वचनों के द्वारा, आकाश में घोषणाओं के द्वारा, पृथ्वी पर, बाकी सारी चीजों पर जो उसने कहा था। एक बार भी ये असफल नहीं हुआ। मैं किसी भी व्यक्ति से पूछता हूं वो मुझे दिखाये, देश के विभिन्न भागों से, या संसार भर से, आप—आप बाध्य हैं कि मुझे लिखे और मुझे बताये, जहां एक बार यह कभी विफल रहा है। सिद्ध रूप से, शब्द दर शब्द, अब, यही एक प्रतिज्ञा है।

109 उसे अंतिम दिनों में क्यों उपस्थित होना था? यदि आप पीछे जा सकते हैं, और आप जो टेप सुनने वाले लोग है, *दुल्हन वृक्ष* टेप को ले, और वहां पर से सुने जहां वो मसीह था, वो पेड़, जो अदन के बगीचे में था। पहला आदम जो गिर गया; और यह दूसरा आदम पाप के द्वारा काटा गया। उन्होंने उसे एक रोमन पेड़ पर लटका दिया, और उसमें से... दुल्हन का पेड़ बाहर आता है जिसकी उसने प्रतिज्ञा की थी, जो हम वचन में देखते हैं, अब, ये दुल्हन को लाने के लिए है।

110 जैसे पिरामिड, किस तरह से इसकी हर समय संख्या कम होती जाती है, बड़े चौड़ाई से; लूथर, वेस्ली, पेंटीकोस्ट, और फिर इसके सबसे ऊपर में बहुत ही कांटा–छांटा गया है, और उन पत्थरों में से हर एक को सिद्ध रूप से एक साथ रखा गया है। और हम अभी तक नहीं जानते कि उन्होंने यह कैसे किया, लेकिन इसे सिद्ध रूप से उस पिरामिड में एक साथ रखा गया है! और हम अब पिरामिड की शिक्षा नहीं दे रहे हैं, हम बस...

111 हनोक और उन्होंने इसे वर्षो पहले बनाया था, और ये एक प्रतीक या चिन्ह के रूप में खड़ा हुआ है। बिल्कुल उसी तरह से जैसे सूरज उगता है और डूबता है; बस उसी तरह से जैसे एक पेड़ उसके—उसके पत्ती को छोड़ता है, और वो फिर से वापस आती है, जैसे एक मछली, और गाय–बैल, और बाकी सब कुछ इसकी प्रतिछाया को देते है। वो पिरामिड एक प्रतीक के रूप में खड़ा हुआ है।

112 नबी के कक्ष में जाये और उन सात सीढियों को देखें। उस सुरक्षाकर्मी ने कहाँ पर आह्वान किया ताकि उस आने वाले व्यक्ति को राजा की उपस्थिति में लेकर आये? सीढियों पर सबसे ऊपर; ये सातवें सीढ़ी में था। यह वहां दर्शाता है कि हम फिर से उसी आत्मा के साथ आने वाले हैं जो आत्मा यूहन्ना पर था; उसने मसीहा का परिचय करवाया। वह सारे नबियों में से सबसे बड़ा था; उसने इसका परिचय दिया। और हमें फिर से उस स्थान पर आना है, कुछ तो ऐसा जो मसीहा का परिचय करवाने जा रहा है।

113 और मसीहा कैसे... वे लोग जो उस पर विश्वास कर रहे हैं, वे इसे जानते हैं जब तक वे निरंतर वचन में ना हो, यह जानने के लिए कि वो क्या है! दानिय्येल ने कहा, "बुद्धिमान जान जायेंगे; लेकिन मूर्ख, नासमझ, नहीं जानेगे। वे अपने परमेश्वर को जानेगे।" अब, वो अभी अंतिम दिनों में किस तरह से उपस्थित होगा, लोगों को वचन में वापस लाने के लिए, जिससे कि वो दुल्हन उसके पति को जान जाये, उसके ब्याहता को जानना, जो प्रकट हुआ वचन है। इसीलिए ऐसा होना है।

114 यह सुधारकों में नहीं था; लूथर में नहीं था, वेसली, और—और पेंटीकोस्टल और उनमें नहीं था। वचन कहता है कि ये नहीं था।

115 लेकिन ये आएगा। यही इस युग के लिए उसकी प्रतिज्ञा है। हम उस युग में रह रहे हैं, जिसमें उसका आगमन हो जाएगा। उसकी उसमें पहचान होना अवश्य है। किसी भी स्त्री का, अपने पति के साथ पहचान होना अवश्य है, क्योंकि वे दोनो एक हैं। और मसीह की दुल्हन की उसके साथ पहचाना होना अवश्य है, क्योंकि वे दो एक हैं; और वो वचन है, संप्रदाय नहीं। वचन! हमें उजियाले की संतान होना हैं, और उजियाला वचन है जिसे इस युग के लिए उजियाला बनाया गया है। हम उजियाले को कैसे जानते हैं, सिवाय इसके कि यह वचन से आता है? तो ठीक है। वचन का देहधारी

होना ही युग का उजियाला है; जब आप इसे देखते हैं, और बाईबल ऐसा बताता है।

116 वहां वे लोग यीशु की ओर देख रहे थे, और कहा, "तो ठीक है, यह जो मनुष्य है, वो कौन है? क्योंकि, वो वहां एक नाजायज जन्मा है। क्योंकि, उसके पिता और माता *ऐसे* है, *वैसे* है, और *इत्यादि,* और वहां यह सब है।" लेकिन उन्होंने उसे नहीं जाना। यदि वे वचनों को जानते, वे उसे जान जाते। उसने ऐसा कहा।

उन्होंने कहा, "हम मूसा के चेले हैं!"

117 कहा, "यदि तुम मूसा को जानते, तो तुम मुझे जानते, क्योंकि मूसा ने मेरे बारे में लिखा था।" और अब भी इसे देखने के लिए अंधे है!

118 देखा कितना नम्र? सारे समूह से, और संप्रदायों और संस्थाओ, और हर एक चीज से दूर। परमेश्वर सीधे एक देह के अंदर आ गया, एक मनुष्य के रूप में, एक छुडानेवाला निकट कुटुम्बी।

119 उसकी उसके साथ पहचान होना अवश्य है। हमें उजियाले की संतान होने के लिए आमंत्रित किया गया हैं, जिससे हम उजियाले में चले।

120 मुझे वहां केंटकी में याद है, यहाँ ज्यादा समय नहीं हुआ, मेरी एक सभा हुई थी। बाहर, मेरे कलीसिया से बाहर आने के बाद, वहां एक बूढ़ा मनुष्य खड़ा था, उसके हाथ में लालटेन थी। वो एक कलीसिया से संबंध रखता था, जो चंगाई और इत्यादि में विश्वास नहीं करती है। कहा, "मैं—मैं आपसे भिन्न हूं, भाई ब्रंहम।"

मैंने कहा, "ठीक है, आपके पास ऐसा करने का अधिकार है।"

121 उसने कहा, "आप देखना, मैं कुछ भी स्वीकार नहीं करता जब तक कि मैं इसे देख नहीं लेता। मुझे इसे सीधे स्पष्ट रूप से देखना है।"

122 मैंने कहा, "क्या तुमने कभी परमेश्वर को देखा है, सीधे स्पष्ट रूप से, कि वो तुम्हारे सामने खड़ा हो? " अवश्य ही, वह दर्शन और चीजों में विश्वास नहीं करता था।

उसने कहा, "नहीं।"

123 "क्योंकि, " मैंने कहा, "तो आप एक विश्वासी नहीं हैं, श्रीमान। मैं आपसे बात नहीं कर सकता। समझे? देखा? हम वो देखते हैं, जो परमेश्वर प्रतिज्ञा करता है और उसे पकडे रहते है।"

124 उसने कहा, "आप यह कैसे अंदाजा लगाते हैं? " मैंने कहा... उसने कहा, "आईए, मेरे साथ घर चलिए और आज रात को बात करेंगे।"

मैंने कहा, "मैं नहीं कर सकता; इस तरह से। आप कहाँ पर रहते है? "

उसने कहा, "आपको यहाँ इस पहाड़ पर जाना पड़ेगा।"

125 मैंने कहा, "आप वहां पर कैसे जाते है? आप तो अपने घर को नहीं देख पा रहे हैं।" हूं–हूंह। हूं–हूंह। जी हाँ। जी हाँ।

उसने कहा, "ठीक है, वहां पहाड़ी के ऊपर जाने के लिए एक रास्ता जाता है।"

मैंने कहा, "आपको रास्ता तो नहीं दिख रहा है।" हूं–हूंह।

उसने कहा, "ठीक है, मेरे पास लालटेन है।"

126 मैंने कहा, "लालटेन सीधे घर को तो उजियाला नहीं दिखाएगा। ओह नहीं। लेकिन यह रास्ता घर तक ले जाएगा। लेकिन वो लालटेन केवल एक समय पर एक कदम के लिए उजियाला देगा।"

127 हम उजियाले में चलेंगे, सुंदर उजियाले में; एक समय पर एक कदम, प्रभु, उसके नजदीक आते हुए। जी हाँ। उजियाले की संतान, उसके वचन को स्वीकार करते हुए, चलते रहे और देखो और अधिक खुलता हैं। इसे मत छोड़ना, कोई फर्क नहीं पड़ता कोई और कुछ भी कहे। उसी में बने रहें और बस ठीक इसके साथ चलते रहे, देखो ये खुलता जाता है और खुद को प्रकट करता है। वो वचन एक बीज है; एक बीज जो सही प्रकार के जमीन में गिरकर, वो अपनी ही जाति के अनुसार लेकर आएगा।

128 ध्यान दे, प्रकाशितवाक्य 10: 1 से लेकर 7 तक, सारे रहस्य को दुल्हन के लिए प्रकट किया जाना है, लौदीकिया कलीसिया के दूत के द्वारा। क्या किसी के पास फिर से छापी गयी परिवर्तन बाईबल है? यदि आपके पास है, तो आप वहां पर ध्यान देना, जहां यह कहा गया, "वो दूत," इस शब्द को कोष्ठक में, "वो उकाब" कहता हैं। देखा? हूं–हूंह। हूं–हूंह। देखा? लौदीकिया कलीसिया का संदेशवाहक, देखो, प्रकाशितवाक्य 10: 1 से 7।

129 और उसने कहा कि यह... उस दिन पर जब उसने उसे नीचे आते देखा, और उसने छोटी किताब को खा लिया। और वहां... "उसने एक पांव धरती पर रखा, और एक समुद्र पर, और उसने शपथ खाई, उसकी, जो हमेशा–

हमेशा के लिए जीवता है, और यह कि, 'और समय नहीं रहेगा।'" और जब उसने ऐसा किया, सात गर्जन ने अपनी आवाजो को दिया। और जब सात गर्जन ने अपनी आवाजो को दिया, यूहन्ना ने कहा कि वह लिखने पर था। और उसने कहा, "इसे मत लिख।" उह–हूं। देखा? और उसने इसे मोहरबंद कर दिया।

130 अब, किसी ने कहा, "तो ठीक है, तब वो सात मोहरे, भाई ब्रंहम, जो अंतिम दिनों में प्रकट होगी, कुछ महान रहस्य, कि हम परमेश्वर के नजदीक कैसे पहुचेंगे? " नहीं, श्रीमान, ऐसा नहीं हो सकता।

131 "जो कोई भी इस बाईबल में से एक शब्द निकालेगा, या उसमें से एक शब्द भी जोड़ेगा, उसका भाग जीवन की किताब से ले लिया जाएगा।" यह जो बात है, ये प्रकाशन है जो वहां पीछे छोड़ते हुए आये है, ताकि उसे लेकर आये। यह पहले से ही *यहाँ* लिखा हुआ है। यह यहाँ पर है। इसे प्रकट होना है जो पहले से ही लिखा गया है। समझे? कारण, आप इसमें एक चीज़ भी नहीं जोड़ सकते, या इसमें से एक शब्द भी नहीं निकाल सकते।

132 पहला अध्याय... बाईबल के पहले अध्याय में, आदि के, उत्पत्ति में। एक स्त्री ने इसे अविश्वास नहीं किया, लेकिन उसने बस इसका गलत अनुवाद किया, शैतान को उसने गलत अनुवाद करने दिया, एक शब्द, "निश्चय ही।" देखा? और फिर, उसी से, यह सारी परेशानी का कारण बना। और यह परमेश्वर बोल रहा था, परमेश्वर का वचन।

133 और प्रकाशितवाक्य के अंतिम अध्याय में, यीशु स्वयं, उसी परमेश्वर ने कहा, "जो कोई भी एक शब्द निकालेगा, या उसमें एक शब्द जोडेगा।"

134 *यह* यीशु मसीह का सम्पूर्ण प्रकाशन है। [भाई ब्रंहम अपनी बाईबल को थपथपाते है—सम्पा।] और सात मोहरों के पास छिपे हुए रहस्य थे, कि यह सब क्या था; और इसे अंतिम दिन में खोला जाना चाहिए, लौदीकिया युग में, समय के अंत पर। परमेश्वर का धन्यवाद हो! जो कलीसिया के लिए संदेश को समाप्त करता है। ये इसे समाप्त करता है। जब वे पीछे मुड़कर देखते हैं, और देखते हैं कि यह सब कहां तक लाया गया है, तो ये समाप्त हो जाता है, कलीसिया का युग।

135 अब ध्यान दें कि हम जिस तुरही की बात कर रहे हैं, ये या तो एक पर्व के एकत्र होने लिए पुकार है, या युद्ध के लिए है, किसी व्यक्ति के लिए, किसी पवित्र दिन के लिए, या ऐसा ही कुछ। ध्यान दें। आप कहते हैं, "एक

व्यक्ति के लिए? " जी हाँ। या, जुबली के वर्ष के लिए, स्वतंत्रता के आने की घोषणा, जब वे वापस जा सकते थे; अब, हम सारी सुबह केवल इस एक चीज पर बोल सकते हैं। लेकिन, अब, तुरही को लेते हुए। अब आपके पास, मोहरों और कलीसिया की बुनियाद है, अब हम तुरही में जा रहे हैं। तुरही बजती है, और तुरही या तो युद्ध को, या तो एक पर्व के दिन को घोषित करती है। या, इसका जो मतलब है, यह, "एक लोगों को एक साथ एकत्र करना, " है, *तुरही।*

136 पौलुस ने कहा, "जब एक तुरही की आवाज़ साफ़ ना हो, तो कौन खुद को युद्ध के लिए तैयार कर सकता है, या शांति के लिए, या जो कुछ भी है? " कौन जानता है? आपको यह जानना होगा कि तुरही किस आवाज़ को करती है।

137 इसलिए, जब तुरही आवाज़ को करती है, तो हम आज धरती पर कुछ तो देखते हैं। वहां कहीं पर तो एक बड़ी परेशानी है। इसे हर कोई जानता है। हर कोई नसों की बीमारी से ग्रस्त हो गया है। सारी दुनिया नसों की बीमारी से ग्रस्त संसार है, और हम जानते हैं कि वहां कुछ तो गलत है। उस पेंटागोन (पंचकोण के चिन्ह को), जो हर जगह पर है, हम जानते हैं कि कुछ तो गलत है।

138 अब, केवल एक ही तरीका है आप जान जायेंगे कि तुरही ने क्या आवाज़ को किया है, यह देखे कि संगीत की पत्रिका क्या कहती है। बात खत्म। यह एक महान संगीत की रचना है, देखें, और धुन का बजना है।

139 जैसे, *पीटर और वुल्फ,* देखो, जब आप... यदि... और संगीतकार ने इस किताब को लिखा है, और निर्देशक को भी संगीतकार की आत्मा में होना अवश्य है। यदि वो नहीं होता है, तो वो गलत धुन को देता है, और फिर सारी चीज इधर–उधर हो जाती है।

140 यही वो बात आज है। हमारे पास आज बहुत सारे निर्देशक है... जो कि संगीतकार की आत्मा में नहीं हैं। वे कहते हैं, "संप्रदाय, ठीक है, हम *इसे* विश्वास करते हैं।"

141 कोई फर्क नहीं पड़ता आप कुछ भी कहें, बाईबल सही है। इस धुन को इसी के अनुसार बजाये जो ठीक यहाँ सामने इस संगीत पत्रिका में है, तब परमेश्वर के महान प्रदर्शन की महान संगीत की रचना बिल्कुल

सही–सही बजने लगती है, तो हम घडी को देख सकते हैं और हम कहां पर खड़े हैं।

142 अब ध्यान दें, तुरही का आवाज़ देना लोगों को एक साथ बुलाना है, अपने आप को किसी चीज के लिए तो इकट्ठा करना है। कभी–कभी यह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति की घोषणा करना है।

143 जैसे की यूसुफ, उन्होंने तुरही को बजाया, और यूसुफ उपस्थित हो रहा था; जो कि एक—एक "महान तुरही" का प्रतीक है, जिसकी हम बात कर रहे हैं, और कुछ समय के बाद यशायाह में जायेंगे। जो कहता है, "जब बड़ी तुरही फूंकी जाती है, जब वो झंडा ऊपर उठाया जाएगा, वहां ऊपर की ओर; और फिर वहां एक समय आएगा, जब वो बड़ी तुरही फूंकी जाएगी, और सारे राष्ट्र यरूशलेम में इकट्ठा होंगे।" यही है जब सहशताब्दी आरंभ होती है; वो महान तुरही।

144 अब, यह पुकार, तुरही का पर्व, किसी का तो निकट आना है। ध्यान दे प्रकाशितवाक्य 8:7, यदि आप लिखना चाहते हैं। हम पहले तुरही में देखते है, वहां धरती पर बिखरे हुए ओले, लहू, अग्नि है; बस बिल्कुल जैसे निर्गमन पर था, जब परमेश्वर अपने लोगों को बाहर बुला रहा था, निर्गमन से।

145 अब, वो कारण जो इस सात तुरहियां इस कलीसिया और इस युग पर लागू नहीं होती हैं, क्योंकि यह केवल इस्राएल के लिए है। यह एक पुकार है, जो लोगों को इकट्ठा करने के लिए है। और अब यहां केवल मेरा एक ही अभिप्राय है कि मैं आपको कुछ ही मिनटों में जो बताना चाहता हूं, जहां आप देखेंगे कि इस युग पर ये क्यों लागू नहीं होता है जिसमें हम रह रहे हैं; वो सात तुरहियां।

146 मैं जानता हूं बहुत से लोग इस बात से भिन्न सोचते है, लेकिन मैं जानता हूं कि यह ऐसा ही है। मैं इसे जानता हूं। इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं आप इसे कह रहे हो; क्योंकि, मुझे ये खुद से नहीं मिला। मेरे—मेरे विचार, मेरे अपने खुद के नहीं है। हमेशा जो भी मैंने इसे बताया है, यदि यह गलत है, तो यह गलत है। लेकिन मैं इसे अपने आप से नहीं बता रहा हूं, मैं किसी और के द्वारा कही गई बात को बता रहा हूं। वह कोई और वो परमेश्वर ही है जिसने हमसे बात की और इन सारी चीजों को किया

जिसे उसने किया है, और उपस्थित हुआ, देखो, इसलिए मैं जानता हूं कि यह सही है।

147 वो—वो इस्राएल का इकट्ठा होना तुरहियां है। तुरहियां इस्राएल को एकत्र करना है। ध्यान दे, वही तुरही जो पहले बजी; लहू, आग, ओले और सारी चीजे, धरती पर डाली गयी। समझे? वो क्या कर रहा था? इस्राएल को आत्मिक मिस्र से बाहर ला रहा था, देखो, वापस उसकी मातृभूमि में।

148 अब मैं ठीक यहाँ पर कहूंगा, कि, हर एक तुरही जो बजायी गयी, वो छठी मोहर के नीचे बजी। हम इसमें कुछ ही मिनटों में जायेंगे, जहाँ हम उस मोहर को समझेंगे। सारी तुरहियां छठी मोहर के नीचे बजी।

149 क्योंकि, सातवीं मोहर, वहां सन्नाटा था। "कोई भी नहीं जानता; कि यह वो मिनट था या उस घडी में मसीह आएगा," जैसे उसने इसे हमें प्रकट किया।

150 लेकिन हर एक तुरही ने छठी मोहर के नीचे फूंकी गयी, यहूदियों के सतावट के नीचे। याद रखे, प्रकाशितवाक्य अब, 8 वा, और 7 वे पद से आरंभ करके। सभी को इस्राएल से बाहर बुला रहा था, स्वाभाविक, मिस्र में; अब यह आत्मिक अर्थ में इस्राएल के बाहर बुलाना है। वह उन्हें प्रायश्चिता के पर्व में आने के लिए तैयार कर रहा था।

151 ध्यान दे, सबसे पहले तुरहियों का पर्व था, जो पेंटीकोस्ट था। प्रायश्चिता का पर्व इसके बाद आया, पचास दिनो के बाद। प्रायश्चिता का पर्व, इसे यहाँ समझे। हो सकता है, यदि हमारे पास समय रहा, तो हम इसका उल्लेख करेंगे और इसे आपके लिए बाईबल से निकाल कर पढेंगे, यहाँ लैव्यव्यवस्था 12 में, अब, या लैव्यव्यवस्था 23, मेरा मतलब, और लैव्यव्यवस्था 16 में पढ़ेंगे। हम पाते हैं कि पहले तुरहियों का—का पर्व था। जो प्रायश्चिता थी और... पेंटीकोस्ट के बाद आयी, अब हम देखते है... प्रायश्चिता का पर्व, तुरहियों के पर्व के बाद आता है।

152 अब ध्यान दे, एक तुरही को बजाया गया, और जो उन्हें एक साथ इकट्ठा करने के लिए थी। अब, सबसे पहली तुरही फूंकी गयी, ओले, लहू, अग्नि, धरती पर डाले गये थे, बस बिल्कुल वैसे ही जैसे कि यह मिस्र में था, उन्हें प्रायश्चिता के दिन पर बुलाने के लिए तैयार करता है। समझे? उन्होंने सच्ची प्रायश्चिता को अस्वीकार कर दिया। और इन वर्षो को यहाँ से

होते हुए बढ़ाया गया है, जो पेंटीकॉस्ट का वर्ष रहा है। समझे? अब अगला यहूदियों के लिए बजाया जाना आता है।

153 यह कलीसिया से बाहर बुलाया जाना रहा है। नजदीक से देखे। अब, जो कि बाद में, वह उन्हें प्रतिज्ञा किये हुए देश में ले गया; जो कि वो उसी बात को करेगा, जो कि, प्रतिछाया के रूप में है, वह कलीसिया को प्रतिज्ञा किये हुए देश पर ले जाता है।

154 याद रखें, हर एक तुरही छठी मोहर के नीचे बजती है, केवल तभी जब ये बजी।

155 अब ध्यान दे, ठीक–ठीक, वचन का जारी रहना है, बिल्कुल उसी तरह से। सातवी तुरही के नीचे, इस्राएल उसी तरह है जैसे सातवीं मोहर कलीसिया के लिए थी। हम सातवीं मोहर के नीचे देखते हैं, कि जब ये प्राण जो वहां वेदी के नीचे थे, तो उन्होंने वस्त्र को पाया... उन्हें वस्त्र दिये गये थे, न कि उन्होंने उन्हें हासील किया था, क्योंकि वे समय काल के पूरा होने समय में थे, जब परमेश्वर तब भी अनुग्रह के साथ अन्यजातियों से व्यवहार कर रहा था, ना ही यहूदियों से। इस्राएल एक राष्ट्र के रूप में बचाया गया है। परमेश्वर एक राष्ट्र के रूप में इस्राएल के साथ व्यवहार करता है। अन्यजाति "उसके नाम के लिए लोग है," ना ही उसके नाम के लिए एक राष्ट्र। इस्राएल!

156 और जब हिटलर और उन लोगों ने यहूदियों को सताया, और उन चीजो को किया जिसे उन्होंने उसके नीचे किया; देखो, वे लोग, स्टेलिन, हिटलर, और वे सारे तानाशाह उठ खड़े हुए थे। यदि हमारे पास समय होता था, जिससे कि हम कुछ नए लोगों के लिए इसे वापस दोहराते, लेकिन हम इसमें से होते हुए गये हैं। उसी युग के तहत, यह जर्मनी में रहा है और—और सभी अन्य देशों में, यहूदी सारे देश भर में बिखर चुके है। लेकिन वहां पिछले बीस वर्षों में यहूदियों के विरोध में एक कठोर सतावट बढ़ चुकी है।

157 मैं वहां उन पुराने स्थानों पर गया हूं जहाँ उन्होंने उनके शरीर को जलाया था, और भस्म कर दिया, और उपयोग किया... उनकी राख को जमीन के लिए खाद देने के लिए उपयोग किया गया, जिसमें यहूदी बच्चे और महिलाओं और हर एक जन थे। बाद में वे इसे इनकार करने की कोशिश

करते हैं; उन्हें सीधे वहां पर ले जाये और उन्हें दिखाये जहां पर ऐसा किया गया था।

158 यह इस्राएल के विरोध में एक कठोर सतावट रही है, क्योंकि यह अब उसे वापस प्रायश्चिता के लिए बुलाने का समय रहा है। वह अब भी एक स्वाभाविक मेमने के प्रायश्चिता के नीचे है। परमेश्वर का सच्चा मेमना प्रायश्चिता है, और उसने इसे अस्वीकार किया है, और तब ले लेकर हमेशा से ही लहू उस पर रहा है। ध्यान से, लोगों को तैयार करते हुए! तब किस तरह से सातवी तुरही और सातवीं मोहर सिद्ध है, सिद्ध रूप से एक साथ, यहूदियों का सताया जाना।

159 ध्यान देना, प्रकाशितवाक्य के 9 वें अध्याय और 13 वें पद में, अब बहुत ही ध्यान से देखना, छठी तुरही के नीचे। प्रकाशितवाक्य 9:13, छठी तुरही के नीचे, ध्यान दे, दो लाख घुड़सवार थे जो यूफ्रेट्स की नदी में बंधे हुए थे, जो छठी तुरही के नीचे खोल दिए गये थे। अब संसार में दो लाख घुडसवार नहीं है; लेकिन वहां दो लाख घुड़सवार थे। इसे ध्यान दे। मैं चाहता हूं कि आप इसे लिखकर कर रखे, जिससे आप इसे पढ़ सकते है।

160 वे स्वाभाविक घोड़े नहीं थे। उन्होंने अग्नि की साँस को लिया, और उनके पास यशब का छाती पर पटुका था, और—और उनकी पूंछ थी। और पूंछ का छोर सर्प की तरह दिखती था, जिसके छोर में एक सर्प का सिर था, डंक मारता हुआ। समझे? यह आत्मिक घोड़े थे, आत्मिक शैतान, लड़ाई के घोड़े, जो इन सारे वर्षों में यूफ्रेट्स की नदी में बंधे हुए थे, अलौकिक शैतान। यह क्या था? प्राचीन रोमन साम्राज्य पुन: प्रदर्शित हुआ था; जो यहूदियों का सताया जाना है। वे लगभग दो हज़ार वर्षों से, यूफ्रेट्स नदी पर बंधे हुए थे, वे प्रतिज्ञा को पार नहीं कर सकते थे; एक धार्मिक मत जो दूसरी ओर जाने की कोशिश कर रहा था। यूफ्रेट्स, आप जानते हैं, ये अदन में से होते हुए आती हैं। लेकिन वे वहां बंधे हुए थे, वे दो लाख सतावट के शैतान।

161 और ध्यान दें कि उस छठी तुरही के नीचे क्या होता है। वे यहूदियों पर छोड़े गये थे; जो यहूदियों का सताया जाना है। अलौकिक शैतान, लगभग दो हजार वर्षो से, तब स्टेलिन, हिटलर के द्वारा यहूदियों पर छोड़े गये। आप कहते हैं, "ती ठीक है, ये रोमन नहीं है।" यह वही आत्मा है। उन्होंने

उसी काम को किया जिसे उन्होंने पुराने पागान रोमन के दिनों में मसीहो के साथ किया था। अब, अब स्वाभाविक इस्राएल, और अब आत्मिक कलीसिया को देखे, जैसे हम यहाँ इसे अलग–अलग करते है। यहूदियों पर खोल दिये गये।

162 आपको याद होगा, छठी मोहर के नीचे, कैसे परमेश्वर के वचन के अनुसार—अनुसार उन शहीदों में से हर एक को वस्त्र मिलते हैं। यह उन्हें अनुग्रह के द्वारा दिया गया था, क्योंकि वे अंधे है, जो वे अपने सुसमाचार को नहीं देख सके थे, जिससे कि यह लोग अन्यजातियों में से दुल्हन होने के लिए बाहर बुलाये जा सके। उन्हें वस्त्र दिए गये थे, बाईबल यहाँ कहती हैं, उस तुरही के नीचे। वे यहूदी, जो पूरी तरह मसीह और हर एक चीज के विरुद्ध हैं; उनके ऐसा होने का जो कारण था, क्योंकि बाईबल ने कहा कि वे अंधे हैं। और वे आपके कारण अंधे किये गये थे। और न्यायी परमेश्वर जानता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे, लेकिन वे आपके कारण अंधे किये गये थे। बाईबल ने ऐसा कहा।

163 वहां वो रोमन साम्राज्य है, वहां बंधे हुए है (किससे?) कलीसिया संबधी शक्तियों से। जो, रोम, पागान रोम जो पापल बन गया हैं, और वहां मसीह लोगो के अपने रीती–रिवाजों में बंधा हुआ था। मसीह का कौन सा भाग, और—और रोम का जो अंधविश्वास था जो इन सभी को एक साथ रख रहा था, स्त्रीयो की आराधना, और ये सभी अन्य प्रकार की मिली–जुली चीजो को, और क्रिसमस के दिन, और छुट्टियां, और पवित्र दिन, और इत्यादि। ये उस रीती–रिवाज़ के साथ बंधा हुआ है, जो कि इससे निकलने नहीं दे सकता है, क्योंकि यह मसीह सिद्धांतों के विरुद्ध है। अब भी वही अधर्मी, पागान की आत्मा है! और वो आत्मा संसार के अंदर के राष्ट्र के अंदर पायी जाती है, जो यहेजकेल और उनमें से बाकी लोगों की भविष्यवाणियों के अनुसार है।

164 और उन्हें यहूदी पर खोल दिया गया, जो आत्मा के बारे में कुछ नहीं जानते थे। वहां पर आपके वो रहस्य हैं, जो उस मोहर के नीचे छिपे हुए हैं। देखा? इसे ध्यान देना। हम इसमें से होकर गये है। और मैं यहाँ आपको यह तुरही दिखाऊंगा, यह अंतिम तुरही, कि क्या बात जगह लेती है। आप वहां हैं। ये तुरहियां यहूदियों पर छोड़ी गयी है, (क्या आप नहीं देखते?) ना ही

अन्यजातियों पर। वे अन्यजाति, जब उन मोहरो को खोला गया था, मोहर किया गया है; समय समाप्त हुआ है; कलीसिया को बुलाया गया है।

165 आपको उस दिन का दर्शन याद है? इसका... क्या इसकी झलक याद है? कितने लोगो को पिछले से पहले का रविवार याद है? यह कैसे बिल्कुल उसी तरह से वहां पर आया था। हमने इसे देखा, बिल्कुल वैसे ही, मलिनता को देखा, मलिन चीजे सामने आयी, कलीसिया कहा गया, अत्यंत भद्दापन। और वो हर एक राष्ट्र की छोटी सी दुल्हन, उनमें से हर एक अपने राष्ट्र की तरह वस्त्र पहने हुए थी, जहाँ से वो आये थी, वे सिद्ध रूप से प्रभु के सामने चल रही थी।

166 आप ध्यान दें, एक समय आयेगा, कभी तो, जब वे कहेंगे, "तो, मैंने सोचा कि सतावट से पहले कलीसिया को जाना था। मैंने सोचा कि एक रेपचर होना था।"

"यह तो पहले से ही पूरा हो चूका है और आप इसे नहीं जानते।"

यही है जो उसने एक बार यूहन्ना के बारे में कहा, आप जानते है।

167 कहा, "कैसे, क्यों भविष्यव्यक्ताओं का कहना है कि... वे, धर्मशास्त्री एलिय्याह को पहले आना अवश्य है? "

168 उसने कहा, "वह पहले ही आ चुका है।" और यहाँ तक चेले भी यह नहीं जानते। "उन्होंने जो कुछ चाहा उसके साथ किया।"

169 रेपचर उसी तरह से होगा। एक घडी में—में... उसने ऐसा करने के लिए प्रतिज्ञा की। उसने इस तरह से एलिय्याह को दिखाने के लिए प्रतिज्ञा नहीं की, लेकिन उसने इस तरह दुल्हन उठाने की प्रतिज्ञा की है। "एक घडी में जिसे आप सोचगे भी नहीं," बस एक बदलना, पल भर में पलक झपकते ही, चले जायेंगे। तब आप जो बचे हुए है, यही वो समय है!

170 दो हजार वर्ष, यह आत्मा रोमन लोगों के जरिये से, रोमन कलीसिया, आगे नहीं बढ़ सकी। लेकिन सबसे पहले वही आत्मा ऊपर आती है, वहां रोम में मुसोलिनी में, उन तानाशाह पर। आप उन पांच को जानते हैं ...

171 सात चीजें उसने मुझे 33 में दिखाईं, जो पूरी होगी। उनमें से पांच पहले ही पूरी हो चुकी हैं। डॉक्टर ली वेयल अब वहां इस पर एक किताब को लिख रहे हैं। देखा? पांच बातें, सिद्ध रूप से, और बस दो और बातें घटित होनी हैं। कहा, "यह तब आगमन से ठीक पहले हो जायेगी।" अब

हम यहाँ ठीक अंत में हैं, और ऐसा दिखाई देता है कि छठी बात ठीक आगे बढ़ रही है। देखा? सिद्ध रूप से, बिल्कुल वैसे ही, यहां तक कि वो युद्ध और वे किस तरह होगे, बिल्कुल बिंदु दर बिंदु, और ना ही एक बार भी यह विफल रहा है।

172 सुनना, मित्रो, हमें हर समय उन बातों की सूची को बनाना चाहिए। आप नहीं जानते कि हम कहां पर खड़े हैं। बहुत ही नजदीक!

173 अब, उसने अब छठी मोहर के नीचे से इन दो लाख आत्मिक दुष्टआत्माओ को छोड़ दिया, जो रोम में आरंभ हुए, जर्मनी, हिटलर। और ध्यान देना बाईबल में, जहां उन्होंने पाया, कभी नहीं... उन्होंने राजाओं के नाई सामर्थ को पाया, लेकिन ताज नहीं था। एक तानाशाह एक ताज पहनाया हुआ राजा नहीं होता है; बस एक राजा के नाई सामर्थ को प्राप्त करते हैं।

174 ओह, परमेश्वर की आत्मा अभी मुझ में से होकर आगे बढ़ रही है, आप जानते हैं, बस कुछ तो कहते हुए। मैं नहीं जानता कि इसे कैसे कहूं, न ही क्या कहना है, और हो सकता है मैं अच्छी तरह से नहीं कह सकूं।

175 ध्यान दे, दो... लाख शैतान उन यहूदियों पर छोड़े गये, जब उन्होंने उन्हें जला दिया, उन्होंने उन्हें क्रूस पर चढ़ाया। उन्होंने उनके नसों में बुलबुले डाल दिए। उन्होंने उन्हें मार डाला, इतना तक कि उनके पास उन्हें मारने के लिए और अधिक गैस भी नहीं बची थी। और उन्होंने उन्हें गोली मार दी, जब तक कि उनके पास गोली से मारने के लिए और गोलियां नहीं बची। और उन्होंने—और उन्होंने वो सब कुछ किया जो वे कर सकते थे। उन्होंने उनके शरीर को और सब कुछ जला कर खाक कर किया; और बच्चों को और सभी निर्दोष लोगों को बाड़े पर लटका दिया गया। क्योंकि वे यहूदी थे, उनका.इस तरह से हाल किया गया था। लेकिन परमेश्वर ने कहा कि वह उनमें से हर एक को एक वस्त्र देता है, अयोग्य जैसे कि वे थे; लेकिन उसके अनुग्रह ने उन्हें अंधा कर दिया जिससे कि हम देख सकें।

176 सातवीं मोहर अभी तक नहीं खुली है, आप जानते हैं। यही उसका आगमन है।

177 इसलिए जैसे कि वे अभी भी वहां उसके नीचे हैं, लेकिन, वह हमें पहले से चीजो को यहाँ दिखाता है। जैसे यूहन्ना को दिखाया, उसने उसे ऊपर ले लिया।

178 और एक समय, समुद्र पर चलना, आप जानते हैं; उसने कहा, "इस मनुष्य के बारे में क्या है जो आपकी छाती की ओर झुका हुआ है? "

179 उसने कहा, "यदि वह मेरे आने तक रुकता है तो इससे तुम्हारा क्या है? " देखो, वह कभी नहीं रुका, लेकिन उसने उसे ऊपर उठा लिया और उसे वो दिखाया, वो चीज जो उसके आगमन तक होती है। बस उसे दिखाया, यूहन्ना के लिए पूरी योजना की समीक्षा की।

180 ध्यान दे, अब हम पाते हैं कि स्वाभाविक शक्ति स्वाभाविक के नीचे है, एक स्वाभाविक राष्ट्र के लिए, इस्राएल, वहां पर छोड़ी गई थी। और इसने क्या किया? इसने जाकर और युद्ध को छेड़ा, और किस तरह से हत्या और सतावट को लाया।

अब इस के कलीसिया संबंधित दायरे में! मैं... क्या आप ...

181 मैं आशा करता हूं कि परमेश्वर अब इस के लिए आपकी आँखें खोलेगा। कारण, मैं समझता हूं कि यह केवल इस कलीसिया के लिए नहीं बोल रहा हूं। यह टेप विश्वभर में जाती है। और मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है, लेकिन केवल सत्य को बताना है।

182 अब कलीसिया के संप्रदायिक क्षेत्र को खोला जा चूका है, पुराने पागान रोम की स्वभाविक बेदारी से, जो आगे उन यहूदियों पर चली गयी है, जो हमेशा से ही उनके शत्रु रहे हैं। वो सिंह जो दांत और सारी चीजो के साथ है, इसने नीचे कुचलकर और लोगो को फाड़ डाला है। रोम, हमेशा ही परमेश्वर का शत्रु रहा! और इसे उसी आत्मा में खोल दिया गया, संसार के तानाशाहों के द्वारा, क्योंकि धार्मिक व्यवस्था अब भी पकड में थी। अब इसे छोड़ा गया है।

183 इसने क्या किया है? "धोखेबाजी, " में, जैसे उसने कहा, वो बहकाने वाले की नाई अंदर आता हैं। और उसने क्या किया है? वो विश्व कलीसिया के प्रोटेस्टेंट विश्वव्यापी परिषद को ला रहा है, उन दोनों पर मसीह विरोधी की आत्मा है, जो उन्हें वध करने के लिए ला रहा है, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने दूसरो के साथ किया था, दुल्हन को बुलाने के समय में। कैसे? कलीसिया की संप्रदायिक आत्मा में छोड़ा गया। किस पर छोड़ा गया? संप्रदायों पर नहीं; दुल्हन पर! लेकिन यहाँ आप इसे जान जायेंगे, दुल्हन उस समय से होकर नहीं जाएगी। बाईबल नहीं कहती है। कलीसिया जायेगी,

लेकिन दुल्हन नहीं। क्या आप नहीं देख सकते है? सेवक जन, क्या आप इसे नहीं देख सकते, भाइयों?

184 आप कहते हैं, "कलीसिया को सतावट से होकर जाना होगा, उसकी सिद्धता के लिए।" यीशु मसीह का लहू दुल्हन को सिद्ध करता है।

185 एक व्यक्ति जो एक पत्नी को चुनता है, वो उसे बहुत सी सज़ा नहीं देता है; उसने उसके साथ पहले से ही अनुग्रह भी पाया है; उसने उसके साथ अनुग्रह को पाया है। वो—वो उससे सगाई करता है। और, यदि ऐसा कुछ भी है, तो वह उसे हर स्थान से दूर रखेगा ताकि उसके हाथ को फेर ले। उसका अनुग्रह उन पर बहुत महान है।

186 और ऐसा ही ये दुल्हन पर होगा, और ऐसा ही दुल्हन पर है। हम जो अयोग्य सृष्टियां है, नरक के लायक, लेकिन उसका अनुग्रह इसके जरिये से हमें थाम लेता है। देखो कितने लोग खोये हुए और अंधे है! कितने लोग, वहां संसार में कितने पापी लोग थे, जिस घडी में मैं बचाया गया! परमेश्वर ने मुझे एक उद्देश्य के लिए बचाया; उसकी इच्छा के द्वारा मैं निश्चित हूं, उस उद्देश्य को करने के लिए। मैं परवाह नहीं करता कि कुछ भी दूसरा क्या होता जाता है; मैं इसे करना चाहता हूं।

187 और उस घडी में जब मैं सारे कलीसिया को देखता हूं, उनके पास बड़े–बड़े तड़क भड़क है, "और धनी, और किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं है," वे कहते हैं; और उन्हें देखो, अभागे, घृणत, अंधे; फिर आपके पीठ पर थपथपाते है, वे चाहते हैं कि आप उनसे समझौता करे। मैंने एक उद्देश्य के लिए जन्म लिया था, कि ऐसी ही उस चीज को दोषी ठहराऊं और बाहर बुलाये जाने के लिए। मैं इसे करता हूं।

188 याद रखें, जब यीशु धरती पर आया, तब पृथ्वी पर सौ में से एक भी हिस्से के लोग जानते भी नहीं थे कि वो यहाँ था। वह उस चुने हुए झुण्ड को लेने के लिए आया। कहा, "कोई भी मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता है जब तब पिता उसे न खींच लाये। और वे सब जो पिता के पास थे," बिता हुआ काल, "मुझे दिये जाये है, वे ही आएंगे। वे इसे जानेंगे। वे इसे सुनेंगे।"

189 इस कलीसिया संबंधीत आत्मा के छोड़े जाने की ओर ध्यान करें। अब बीस वर्ष के बाद, उस युद्ध के बाद, हम कलीसिया संबंधीत आत्मा

को छोड़ते हुए देखते हैं। किसके नीचे? सातवीं मोहर; यहूदी के लिए सातवीं तुरही।

190 चंद्रमा को अंधकारमय होते हुए देखे। किसके नीचे? देखो इसे बाहर निकाला गया है, मनुष्य के पुत्र को कलीसिया से बाहर निकाला जा रहा है।

191 यह क्या है? कलीसिया संबंधीत झुण्ड के साथ जुड़ना। और कलीसिया के सदस्य का सम्मेलन, और विश्व कलीसिया परिषद के साथ, हर एक मनुष्य को खींचते हुए... वो किस बात पर खड़े रहते है? क्योंकि, आपको अपने सारे सुसमाचारक की शिक्षाओं और चीजों को समर्पण करना होगा। "कैसे दो जन एक साथ चल सकते हैं जब तक वे सहमत नहीं हो?" वे नहीं हो सकते। यीशु ने कहा कि वे नहीं चल सकते। और कैसे कलीसिया, मेथोडिस्ट और बैपटिस्ट एक साथ चल सकते हैं? कैसे चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, प्रेस्बीस्टेरियन साथ चल सकते हैं? कैसे कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट के साथ चल सकते हैं? कैसे प्रोटेस्टेंट, प्रोटेस्टेंट के साथ चल सकते हैं?

192 लेकिन दुल्हन वचन के साथ चल सकती है, जो मसीह है। यह अवश्य ही समझौते में होना है। ना ही कलीसिया संबंधीत सिद्दांत; लेकिन वचन। आपको वचन के साथ सहमत होना होगा, वचन के साथ चलने के लिए। यीशु ने ऐसा कहा। यह इसे सही बनाता है।

193 ध्यान दे, अब वो वहां है। वह छूट गई है, जो इन सारी छोटी–छोटी छोड़ी हुई बातों को बताने के लिए, "ओह, कोई बात नहीं, इससे किसी भी तरह से कोई फर्क नहीं पड़ता।"

194 यही शैतान ने हव्वा से कहा, "कोई फर्क नहीं पड़ता। यह सब ठीक है। निश्चय ही, परमेश्वर एक भला परमेश्वर है। वह हम सब से प्रेम करता है।" वो ऐसा नहीं करता।

195 आपने इसके बारे में बहुत सुना होगा कि वो एक भला परमेश्वर है। वह एक भला परमेश्वर है, लेकिन, भला बनने के नाते, उसे न्यायी होना है। न्याय के बिना कोई भलाई नहीं है। वहां कोई न्याय नहीं है, बिना नियम के, बिना, सजा के, दंड के। इसलिए हम उसी घडी में हैं, जिसमें हम रह रहे हैं।

196 ध्यान दे, अब जल्दी से, ये अलौकिक दुष्टआत्माये। तब, एक संयुक्त राष्ट्र के आश्रय में, पूर्वी और पश्चिमी संयुक्त झुण्ड एकत्र होते है।

197 बिल्कुल जैसे दानिय्येल ने मूर्ति के दाएं और बाएं पैरो को देखा, वे कैसे सहमत नहीं होंगे और एक दूसरे के साथ मिश्रण करेंगे। और वो शब्द इसेंहोवेर शब्द, उस समय के दौरान... *इसेंहोवेर* का अर्थ "लोहा" होता था। *ख्रुश्चेव* का अर्थ है "मिट्टी" होता था। और उसने अपने जूते को निकाल लिया और इसे मारा [भाई ब्रंहम पुलपिट पर ठकठक करते है—सम्पा।] मेज पर ... जब राष्ट्र संघ, या यू... संयुक्त राज्य में। ख्रुश्चेव ने किया, झाड़ते हुए... ओह, प्रभु! जिस घडी में हम रह रहे हैं! कलीसिया और उसकी परिस्थिती!

198 लेकिन, परमेश्वर का धन्यवाद हो, छोटी दुल्हन ने अपने आप को तैयार कर लिया है। यह ज्यादा देर नहीं है। बस थामे रहो। यह ज्यादा समय नहीं होगा। मैं नहीं जानता कि कितना समय और, नहीं जानता कब; कोई भी यह नहीं जानता। लेकिन हम जानते हैं कि यह वास्तव में अब नजदीक है।

199 कलीसिया की संप्रदायिकता को देखे। इसे स्वाभाविक में देखे इसने उन यहूदियों के लिए क्या किया। वे तो कुछ लोग थे जो परमेश्वर के नियमों को पकडे हुए थे। कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितनी ही कलीसिया ऊपर आने लगी, और जो भी है, वे मसीह को देखने के लिए अंधे हो गये थे, और उस नियमों को पकडे हुए थे। और परमेश्वर ने उन्हें वस्त्र दिए, उनमें से हर एक को, क्योंकि वे शहीद होकर गये। देखा? वे—वे... वे हमारे कारण अंधे हुए थे।

200 अब यहाँ, वो कलीसिया है, जो बाईबल को छोड़कर कुछ भी नहीं जानती है। बावजूद कलीसिया के संप्रदायिक सिद्धांतो के, उन संप्रदाय के, वे इसके बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं। यह सब उनके लिए पराये है। वे उसे जानते हैं और वे केवल उसे ही जानते है।

201 लोग आज कुछ हद तक पतरस और उन लोगो की तरह हैं, जो ऊपर रूपांतर के पर्वत पर थे। वे पूरी तरह से जोश में आ गये थे, जब उन्होंने अलौकिक बात को होते हुए देखा, और एक ने कहा, "हम एक कलीसिया भविष्यव्यक्ताओं के लिए बनायेंगे, और एक मूसा के लिए।"

202 और इसी तरह से पेंटेकोस्टल लोगों ने किया। उन्होंने कहा, "हम एक, असेंबली ऑफ गॉड के लिए बनायेंगे; और एक, चर्च ऑफ गॉड; और एक, वननेस; और एक, ट्रूनेस," और इसी तरह से इत्यादि।

203 लेकिन जिस समय वह तब बोल ही रहा था, तब यहोवा ने पुकार कर कहा, "यह मेरा प्रिय पुत्र है," जो वचन है, "इसकी सुनो!" समझे? वो वचन है।

204 वो घडी जिसमें हम रह रहे हैं, वो कलीसिया संबंधीत, आत्माओं का एक साथ एकत्र होना, और उन सभी को इस एक बड़े घात करने के लिए ला रहे है, मिटा डालने के लिए। यह पहले से ही यहाँ लिखित रूप में है, अब इस राष्ट्र में, इन कलीसियाओ को बंद किया जाना है जब तक कि आप संगठन के साथ न हों ले। यह एक संघटन है, यह एक बहिष्कार है, बिल्कुल पशु की छाप की तरह।

205 और अब आप देखते हैं कि पशु क्या है, क्या आप नहीं देखते? यह एक शक्ति है। और एक शक्ति, कलीसिया संबंधीत शक्ति, यीशु ने कहा, "यह बहुत ही नजदीक होगा, जैसे कि वास्तविक हो, यह उन्ही चुने हुओ को भरमा देता यदि यह संभव होता था तो।" लेकिन उसने उस दिन के लिए हमारे लिए यहां कुछ ऐसा करने की प्रतिज्ञा की है, जिससे हम भरमाये नहीं जाये, और यह वचन है, और मसीह इसे हमारे लिए प्रकट करता है। वे औलोकिक है, शैतान, आंखो के लिए अनदेखा, लेकिन आप देख सकते हैं कि वे क्या कर रहे हैं। समझे?

206 ध्यान दे, जबकि वह झुण्ड एक सवारी कर रहा है, जो खुद को उन सारी चीजों को कुचलने के लिए तैयार कर रहा है, जो उनके साथ सहमत नहीं होंगे, वहां जबकि एक और झुण्ड तैयार हो रहा है, उसके कुछ समय बाद, प्रकाशितवाक्य 19। अगली बार जब कलीसिया ने सुना, वो भी आती है, ना ही उसी तरह घोड़ों पर, लेकिन बाईबल ने कहा, "वो एक सफेद घोड़े पर था, और स्वर्ग की सेना सफेद घोड़ों पर उसका पीछा कर ही थी।" यह सही है?

207 जबकि यहाँ पर नीचे इस झुण्ड ने यूफ्रेट्स नदी पर दो हज़ार बांधे कर रखे हैं, और ये दो हज़ार वर्षों से बंधे हुए हैं, ऐसा भी है कि कलीसिया ने लगभग दो हज़ार वर्षों से पवित्र आत्मा को बाँध कर रखा है, यातनाओ के नीचे और कलीसिया काल के नीचे। इसे बांधा गया है, ना ही यूफ्रेट्स नदी पर, लेकिन संस्था और संप्रदाय के द्वार पर, जिससे कि पवित्र आत्मा कलीसिया में काम नहीं कर सकता है, मनुष्य के बनाये सिद्धांतो के कारण। लेकिन वह आजाद होने जा रही है, वह वापस आ रही है, यही है जो

बाईबल ने कहा। और वे दोनों युद्ध के मैदानो पर एक दूसरे का सामना करते हैं, फिर से लूसिफ़र और मीकाएल, जैसे आरंभ में था। वे लगभग दो हज़ार वर्षों से बंधे हुए हैं, लगभग दो हज़ार वर्षो से।

208 ना ही ठीक–ठीक दो हज़ार, क्योकि रोमी ऐसे करते ही जा रहे थे, टाइटस 96 A.D. में, और इसी तरह से आगे, यहूदियों को मार डाला। वे रोमी! उन यहूदियों को किसने मारा था? टाइटस कौन था? एक रोमन सेनापति। लहू वहां फाटको के बाहर बहने लगा, वहां... ओह, और उन्हें घात कर दिया, महिलाओं को, बच्चों को, और सबको मार डाला। क्या यहेजकेल 9 ने नहीं कहा कि वे ऐसा करेंगे? "उस नगर के बीच में से होकर जाना और वे लोग जो आह भरते है, चिल्लाते है, उनके माथों पर चिन्ह कर दे," वो—वो पवित्र आत्मा। और उनमें के बाकी लोग, "वो घात करने वाला आगे आता हैं," यह बंधे हुए होगे; उन्हें पकडे रहो, उन्हें पकडे रहो, जब तक कि वे आगे आकर और वहां मौजूद हर एक चीज को घात नहीं कर लेते। छोटी स्त्रियाँ, स्त्रियाँ, बालक, बच्चे, और बाकी के सारे, वे सभी मारे गये थे। ठीक वैसे ही।

209 यहां फिर से है, अपने आप में दोहराते हुए। और यहाँ यह है जो कलीसिया संबंधीत सिद्धांत ठीक वापस आते हुए, गला घोटते हुए, हर एक चीज को रौंदते हुए जो कि परमेश्वर कहलाती है। ओह, उनके पास अपने सिद्धांत है, और संगठन है, और संप्रदाय है, लेकिन उनका बाईबल के साथ कुछ लेना देना नहीं है। वे आपको जल्दी से बोल देंगे कि वे भी इस में विश्वास नहीं करते। जी हाँ श्रीमान। "वो ही कहे जो कलीसिया कहती है।"

210 यह तो ऐसा है कि परमेश्वर क्या कहता हैं! वह वचन है। दुल्हन वचनों के साथ है; वे एक हैं। वे कैसे एक हो सकते हैं? जब वो वचन, जो उस में लिखा गया है, आप में बनते जाता है, और आपको और वचन को एक बनाता है। यह बिल्कुल वही है जो उसने प्रतिज्ञा की थी।

211 तब, ये अनुवाद है। परमेश्वर को अनुवादक की आवश्यकता नहीं है। वे कहते हैं, "तो ठीक है, हम इसे *इस* तरह से अनुवाद करते है।" आपके पास कुछ भी अनुवाद करने का कोई अधिकार नहीं है। परमेश्वर अपना अनुवाद स्वयं करता है। परमेश्वर ने कहा, "उजियाला होने दो," और वहां उजियाला था। कौन इसका अनुवाद करता है? उसने कहा, "एक

कुंवारी गर्भवती होगी," और वो गर्भवती हुई। जिसे किसी अनुवादक की आवश्यकता नहीं है; इसका अनुवाद पहले ही किया जा चुका है। परमेश्वर ने कहा कि ये चीजें इस दिन में घटित होगी, और ये चीजे है। इसे किसी अनुवादक की आवश्यकता नहीं है। यह अपना अनुवाद खुद करता है। ओह, प्रभु!

212 प्रकाशितवाक्य 9:1, पांचवी तुरही के नीचे, उनके राजा... ध्यान दे, प्रकाशितवाक्य 9: 1 अब, दो लाख घोड़ों के इस बड़े झुण्ड के राजा। उनका उनके ऊपर एक राजा था, और, यदि हम ध्यान दे, तो यह एक गिरा हुआ तारा था। "स्वर्ग से तू क्यों गिर गया, हे लुसिफर? " ओह, किस तरह से डॉक्टर स्मिथ कि वहां बहुत बहुत ही शंका में आ गया था, लेकिन, कोई बात नहीं, देखो, ये उसके समय के लिए नहीं था। देखा? तो ठीक है। "अथाह कुण्ड थे; उनका राजा अथाह कुण्ड का राजा था।"

213 प्रकाशितवाक्य 17: 8। मैंने यहाँ कुछ लिख कर रखा है। मैं बस इसे पढ़ने जा रहा हूं। आप यहाँ देखे, प्रकाशितवाक्य 17: 8। मैं यह देखना चाहता हूं कि यह यहां पर क्या कह रहा है, क्योंकि मैं अब नहीं जानता कि इस अगले में 17: 8 किस तरह से है।

> *और जो पशु तू ने देखा है, यह पहिले तो था, पर अब नहीं है, और अथाह कुंड से निकल कर विनाश में पड़ेगा, और पृथ्वी के रहने वाले जिन के नाम जगत की उत्पत्ति के समय से जीवन की—जीवन की पुस्तक में लिखे नहीं गये, इस पशु की यह दशा देखकर, कि पहिले था, और अब नहीं; और फिर आ जाएगा, अचंभा करेंगे।*

214 देखो, "था," एक पोप मरता है, दूसरा एक ऊपर आता है। "पशु जो था, जो नहीं है, जो है; जो नहीं है, जो है।" इसके क्रम को ना बदले; यह पोप है, उसी समय पर, हर एक चीज। हर एक चीज उसी व्यवस्था में जाना है।

215 और यह कहाँ पर आएगा? "अथाह कुण्ड के लिए।" और बाईबल ने यहां कहा, कि, "इन लोगो का अगुवा अथाह कुण्ड से था, और वह उनका राजा था," और वह एक तिगुने मुकुट के साथ बैठा हुआ है, और उसके साथ प्रोटेस्टेंट को जोड़ता है।

216 एक लुथरन याजक को एक दिन कहते हुए, कहा... या, एक लुथरन प्रचारक ने कहा, "ठीक है, लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं क्यों एक—एक कॉलर को पहनता हूं। वे भला मुझसे कैसे कह सकते हैं... " क्या आप वहां पर थे? [एक भाई कहता है, "जी हाँ।"—सम्पा।] हाँ। और, यह, क्या वह हास्यास्पद बात नहीं थी? मुझे—मुझे लगभग उल्टी जैसा महसूस हुआ, मंच पर से चला गया। उन्होंने कहा, "क्योंकि, उन्हें कुछ अलग नहीं होना चाहिए।"

217 यदि लूथर, मार्टिन लूथर, इसे सुनता, तो वह उसकी कब्र में मुड़कर, कहता, "तुम पाखंडी लोगो, तुम मेरे दर्जे के नहीं हो।" उह–हुंह। देख?

लेकिन आप जानते हैं कि यह कहाँ से आया है? कहते है, "कोई भी अंतर नहीं है।"

218 वहां एक अंतर है। यहां तक कि व्यक्तिगत में भी भिन्नता है। परमेश्वर ने कहा, "मुझे अलग करो, और पौलुस और बरनबास," यह सही है, "काम करने के लिए।" अलग हो जाओ! परमेश्वर एक अलग करने वाला है, ना ही मिश्रित करने वाला। एक मिश्रि... कलीसिया आज एक अच्छा मिश्रित करने वाला चाहती है, जो उन्हें स्नान के अर्ध नग्न वस्त्र पहनने दे सकता है, और छोटे कपडे, और वो सब कुछ पहनने दे सकता है, और बाहर निकलकर और इसी तरह से बातों को जारी रखे। लेकिन परमेश्वर ने कहा, "मुझे अलग करो!" खुद को संसार से अलग करे!

219 प्रकाशितवाक्य, हम यहाँ पर देखते हैं, कि, "उनका राजा अथाह कुण्ड से था," और यह वही एक है जो "विनाश के अंदर चला गया," अंदर और बाहर, अंदर और बाहर और बाहर चला जाता है।

220 ध्यान दे, लैव्यव्यवस्था के 23 वें अध्याय में, वचन के साथ क्रम में होने के लिए कितना सिद्ध अनुवाद है, उसके साथ जो हम अब बताने का प्रयास कर रहे हैं। अब इस क्रम को देखना। अब हम ध्यान दें। आइये अब खोल कर और इसे कुछ समय के लिए पढ़ें। सभोप... सभोपदेशक में, लेकिन लैव्यव्यवस्था में। लैव्यव्यवस्था 23, अब यहाँ इस पर ध्यान दें, लैव्यव्यवस्था अब 23 वां अध्याय है। और हम चाहते हैं कि हम इसे बिल्कुल ही न चुके, जिससे कि हम इसे ठीक उसी तरह समझ सकते हैं जिस तरह से प्रभु ने इसे हमारे लिए यहां लिखा है। मैं निश्चय ही निर्गमन

में लैव्यव्यवस्था को नहीं पा सकता हूं, क्या मैं पा सकता हूं? तो ठीक है, अब लैव्यव्यवस्था। "और प्रभु... " 23 वें।

... फिर यहोवा ने मूसा से कहा,

इस्त्राएलियों से कह, कि यहोवा के पर्ब्ब जिनका तुम को पवित्र सभा एकत्रित करने के लिये नियत समय पर प्रचार करना होगा, मेरे वे पर्ब्ब ये हैं। देखा?

उस दिन तुम... परिश्रम का कोई काम न करना, ... और यहोवा के लिये एक अग्नि भेंट चढ़ाना।

... और यहोवा के लिये एक अग्नि भेंट चढ़ाना।

221 अब देखना। अब ध्यान देना।

फिर यहोवा ने मूसा... से कहा,

उसी सातवें महीने का दसवां दिन प्रायश्चित का दिन माना जाए:...

222 देखें, प्रायश्चिता बाद में आती है... अब देखना। प्रायश्चिता तुरही की आवाज़ के बाद आती है। देखा? कितना सुंदर है! देखा? प्रायश्चिता का दिन तुरही के पीछे–पीछे आया।

223 अब—अब, हमारे लिए तुरही के पचास दिन, प्रतिक है जब तुरही पेंटीकोस्ट में बजती है, जो पचास दिनों का था। अब—अब—अब, इसके बाद, यहूदियों ने अस्वीकार कर दिया।

224 अब तुरही उन्हें उस प्रायश्चिता पर वापस बुलाने के लिए हैं, देखो, उन्होंने जिस प्रायश्चिता को अस्वीकार किया था। और उन्होंने अस्वीकार कर दिया ताकि हमारी आँखें खोली जा सकें; उनकी आंखे बंद थी। और इस समय के दौरान, ये मोहरे खुल गयी, और वो—वो—वो तुरहियाँ फूंकी गयी। और अब, तुरहियों का फूंका जाना, ठीक मसीहा के आगमन से पहले, क्योंकि उन्हें फिलिस्तीन में होना हैं। और आपको याद होगा कि परमेश्वर को फिरौन के ह्रदय को कठोर किया था, उन्हें मिस्र से बाहर निकालने के लिए; और उसने स्टेलिन, मुसोलिनी, और उस सब को कठोर कर दिया, जिससे उन्हें प्रतिज्ञा किए हुए देश में वापस लेकर आये, जहां एक लाख चौवालिस हज़ार को होना चाहिए।

225 और अब, पहली बार हजारों वर्ष में, पच्चीस सौ वर्ष, कि इस्राएल एक उसके एक अपने झंडे के साथ राष्ट्र है, उसकी अपनी सेना, और सभी चीज के साथ है, और इसे संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) में—में माना गया है। पहली बार ऐसा हुआ है। सबसे पुराना झंडा जो कभी धरती पर लहराता था, इस समय, फिर से लहरा रहा है, वो पांच... दाऊद का छह कोनो वाला तारा। उसने कहा कि वह अंतिम दिनों में झंडे को ऊपर उठाता है, जब वह वापस आ रही होगी। हम अंत में हैं। इसके बारे में अब कोई संदेह नहीं है। हम यहाँ पर है।

226 अब ध्यान दे, जल्दी से, प्रकाशितवाक्य 9, सातवी तुरही के नीचे, "उनका राजा अथाह कुण्ड से है।"

227 तब लैव्यव्यवस्था में, अब, वचन के साथ यहाँ कितना सही अनुवाद है! क्योंकि, देखें, तुरंत बाद ही, पेंटीकोस्टल जुबली, प्रायश्चिता के दिन के पीछे आता है; पर्व के समय को लाने का जो क्रम है। पेंटीकोस्टल पर्व, प्रायश्चिता को करना, उसके बीच में, प्रायश्चिता के लिए तुरही को फूंका जाना, पेंटेकोस्टल पर्व था, जो समय की लंबी अवधि थी। देखो, वहां एक समय की एक लंबी अवधि थी, पेंटेकोस्टल पर्व, तुरही के बुलाये... तुरही के फूंकने के बीच, तुरही का फूंका जाना, समय की लंबी अवधि थी। सपष्ट रूप से, यह पचास दिन थे, पेंटेकोस्टल के पर्व दावत से—से—से लेकर प्रायश्चिता के पर्व तक, पचास दिन थे। अब, पचास दिन ठीक सात सब्त के दिन हैं।

228 और वे सात सब्त वे सात कलीसिया के वर्ष, कलीसिया के युग है। इसे समझा? देखा? समझे? अब, यहूदियों को अंधा कर दिया गया है, इस सारे समय प्रतीक्षा कर रहे हैं, जबकि पेंटीकोस्टल का पहला फल कलीसिया पर उंडेल दिया गया है। और हम शहीदो के युगो में से होते हुए नीचे आए हैं, और सुधारको युग के युगो में से होते हुए, और अब बाहर बुलाने के युग में है; तीन खंड, एक ही आत्मा; पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा की तरह, एक ही है। देखा? लेकिन, सात कलीसिया काल, जो कि सात सब्त होते है।

229 बिल्कुल ठीक पेंटीकोस्टल जुबली की तुरही... पेंटीकोस्टल जुबली के पर्व से लेकर सात सब्त के दिन तक, तब तक... पुले का हिलाया जाना, और फिर पेंटीकोस्टल जुबली। और फिर जुबली से लेकर प्रायश्चिता, सात

सब्त है, पचास दिन है, और पचासवे दिन के अंत पर प्रायश्चिता को किया जाता है। आपने इसे समझा? अब, और यह एक प्रतिछाया रही है, जो कलीसिया...

230 जब उसने खुद को प्रकट किया था, परमेश्वर के पुत्र के नाई, जो कलीसिया के लिए प्रकट हो रहा था पवित्र आत्मा के बपतिस्मा में, वहां उन युगों में से होते हुए, पेंटीकोस्टल युग में, देखो। बस और अधिक और अधिक आगे बढ़ रहा था; लूथर के नीचे धर्मीकरण, वेस्ली के नीचे पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा।

231 अब यहां बाहर बुलाने का समय है। छठी मोहर पर, जब यह—जब यह खोली गयी, यहूदियों पर सतावट आ गयी, शब्द दर शब्द उसी दृष्टिकोण में; और यहाँ कलीसिया के लिए सतावट आती है, कलीसिया की संप्रदायिक दृष्टिकोण में; क्योंकि, दुल्हन को पहले से ही बुलाया गया है। सब्त समाप्त हो गये है, और तैयार है यहूदियों को बुलाया जाने के लिए। कहाँ के लिए? प्रायश्चिता के पर्व पर। ओह, कलीसिया, क्या आप इसे नहीं देख रहे है? प्रायश्चिता के पर्व के लिए बुलाया गया है, (क्या?) ताकि प्रायश्चिता को पहचान ले; अब और मुर्गियों और कलहंस के लिए नहीं और वे जो करते आ रहे थे। "परमेश्वर का मेम्ना, दुनिया की नींव डालने से पहले घात किया गया, " इस्राएल इस बात को जान लेगा।

232 ध्यान दे, यहाँ एक बड़ी चीज है। देखो! ओह, प्रभु! पवित्र आत्मा को संप्रदायों के द्वारा बांधा गया हैं, इन सारे दो हजार वर्षो से लेकर। हम देखते है, ऐसा ही है। अब ध्यान दे सब्त, सात सब्त, वे वहां पूरी तरह से बाहर नहीं निकल सके। बाईबल ने कहा, "एक ऐसा दिन होगा ना ही रात होगी और ना ही दिन होगा।"

233 "और सारे वचन" यीशु ने कहा, "पूरे होने ही है।" क्या यह सही है? कहे, "आमीन।" [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

234 भविष्यवक्ता ने कहा, "एक दिन आयेगा जिसे दिन या रात नहीं कहा जा सकता है, लेकिन संध्या के समय में यह उजियाला होगा।"

235 यह क्या था? वही सूरज जो पूरब में चमकता है, ये वही सूरज है जो पश्चिम में चमकता है।

236 हर समय जब सूरज निकलता है, और उस ओर जाकर और डुबता है, इसका अर्थ आपका जीवन है छोटा बच्चा जन्म लेता है, कमजोर होता

है, सुबह को। लगभग आठ बजे, यह स्कूल जाता है। साढ़े ग्यारह बजे, यह स्कूल से बाहर आता है, यह दिन की गर्मी होती है। तब यह डूबने लगता है, पचास वर्ष, साठ, सत्तर, अस्सी, नब्बे। वो उस ओर डूबने लगता है और मर जाता है; केवल अगले दिन वापस आने के लिए, और ये कहते हैं, "वहां जीवन, मृत्यु, दफन होना, पुनरुत्थान है।"

237 और, ध्यान दे, रोजाना जीवन सूरज के साथ ढल जाता है। हमारे पास सबसे पुराना रोजाना का जीवन चीन का है। हर कोई यह जानता है।

238 पवित्र आत्मा कहाँ पर उतरा? पूर्वी देश पर, पूर्वी लोगों पर। और सुसमाचार ने सूर्य के साथ यात्रा की है। यह कहाँ से आता है? वहां पूर्व में से, जर्मनी में, जर्मनी से इंग्लैंड की ओर... खाड़ी को तीन बार पार किया। भूमध्यसागरीय से जर्मनी में, जर्मनी से... भूमध्यसागरीय, पूर्व से, जर्मनी में, भूमध्यसागरीय में से होते हुए; जर्मनी से, इंग्लिश खाड़ी के ऊपर, इंग्लैंड में; इंग्लिश खाड़ी से, प्रशांत महासागर के ऊपर से होते हुए... या अटलांटिक महासागर, वहां से संयुक्त राज्य में।

239 और अब वो पूर्वी तट में है। उसने उस राष्ट्र को पार कर लिया है, जिसे उसने रोजाना का जीवन जी लिया और पार किया, और आगे चलता गया। रोजाना के जीवन ने यात्रा की; सुसमाचार ने इसके साथ यात्रा की है। अब सारा कूड़ा–करकट पश्चिमी तट पर हैं, जहां सब कुछ उठा लिया गया है, जैसे ज्वार की लहरे अंदर आने लगती है।

240 लेकिन भविष्यवक्ता ने कहा, "पुत्र इस दिन में से होते हुए नहीं चमकेगा; यह एक धुंधला दिन होगा।" उनके पास पर्याप्त उजियाला था, जैसे एक वास्तविक बारिश का दिन होता है, वे कलीसियाओ से जुड़ सकते थे, और प्रभु पर विश्वास कर सकते थे और इस तरह की बातें। लेकिन, उसने कहा, "संध्या के समय में, बादल चले जायेंगे, संप्रदाय लुप्त होते जायेंगे।" और वही सुसमाचार, वही वचन देहधारी हुआ, जैसा कि उसने लूका 17:33 में प्रतिज्ञा की थी। वही सुसमाचार, उसी चीज़ के साथ, संध्या के समय जगह को लेगा, बस जब छाया कम होती जा रही होगी। वही सुसमाचार, वही मसीह जो पूर्वी लोगों पर उस वक्त आरंभ में, वहां बहुत पहले के समय में रहा था, अंत के समय में वो फिर से पश्चिमी लोगों में रहेगा। "यह संध्या के समय में उजियाला होगा।"

241 "सारे वचन प्रेरणा के द्वारा दिए गये हैं," और इसे तोडा नहीं जा सकता।

242 वे बड़े पचास दिन बीत चुके हैं। वो पेंटीकोस्टल का पर्व बीत चुका हैं, सात सब्त; तुरहीयो तक, जो सातवें कलीसिया युग की एक प्रतिछाया है। याद रखे, याद रखे... छठी तुरही के नीचे, यहूदी... क्या आप सुन रहे हैं? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] छठी तुरही के नीचे, पेंटीकोस्टलस बाईबल को अस्वीकार करते हैं; वो—वो गुनगुने, ना ही केवल पेंटीकोस्टलस, बाकी के सारे। कलीसिया का संसार मसीह को अस्वीकार करता है, और उसे बाहर की ओर रखा है। और उसी तुरही में... और उसी मोहर में, मेरा मतलब, जब ये खुला हुआ था, दिखाने के लिए कि यीशु कलीसिया से बाहर है, वापस अंदर आने की कोशिश कर रहा है; उसी समय पर, यहूदियों के लिए तुरही बजती है, और यहूदी प्रायश्चिता को पहचान जाते हैं। महिमा! हाल्लेलुय्या! ओह, प्रभु!

243 पवित्र आत्मा को इन संप्रदाय की नदियों के द्वारा बांधा गया है, लगभग दो हज़ार वर्षों से, लेकिन इसे संध्या के समय में आजाद किया जाना है, संध्या के समय के संदेश के द्वारा। पवित्र आत्मा फिर से वापस कलीसिया में है; मसीह, स्वयं, मनुष्य के देह में प्रकट हुआ, संध्या के समय में। उसने कहा। उसने इसकी प्रतिज्ञा की।

244 इसके तीन चरण थे, जैसा कि मैंने कहा। वे शहीद, शहीद के युग में, इसके लिए; और फिर सुधारकों का चरण; और अब बाहर बुलाने का समय।

245 जब समाप्त हुआ, लौदीकिया के युग पर, प्रकाशितवाक्य 10 के अनुसार, बाईबल के सारे रहस्य दुल्हन जान जायेंगी। यह सही है? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] प्रकाशितवाक्य 10। अब ध्यान से सुनना। हु–हूंन। दुल्हन को वचन के द्वारा बाहर बुलाया गया; मसीह खुद दुल्हन को बाहर बुला रहा है, इब्रानियों 13: 8 को स्पष्ट बना रहा है, कि वो "कल आज और युगानुयुग एक सा है," एक सा करता है, एक सा है। "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं वो भी करेगा।" समझे? लूका 22... या, लूका 17:30, और मलाकी 4 भी, इब्रानियों 4:12, इन सारे वचनों में जो प्रतिज्ञा की गयी, यह छठे और सातवें मोहर के बीच होना है, और छठी और सातवी तुरही।

246 पेंटीकोस्ट पर्व सातवीं तुरही के समय के दौरान समाप्त होता है, क्योंकि अगली चीज सातवी मोहर का आना है... क्योंकि अगला मसीह के आगमन का रहस्य है, और, इसके अलावा, यहूदियों के लिए तुरही बजती है। उनकी छठी तुरही आवाज़ करती है, और जब यह होता है, तो यह उनके लिए परमेश्वर के प्रकट पुत्र को ज्ञात करवाता है; एक आधी घडी के अंतराल पर। याद रखें, सारी तुरहियां इस छठी मोहर पर बजती है। छठी मोहर रहस्य को समाप्त करती है, छठी मोहर के नीचे, सातवीं के खुलने से ठीक पहले।

247 ध्यान दे, यहाँ लैव्यव्यवस्था 23:26 है। वचन किस तरह से क्रम में है! पेंटीकोस्ट के लंबे समय काल के बाद, जिसे इस्राएल ने वहां पहले अस्वीकार कर दिया था; और उसने अन्यजाति कलीसिया को बाहर बुलाया, इस पेंटीकोस्टल पर्व के जरिये से। कितने लोग समझते है कि पेंटीकोस्टल पर्व क्या है? यह वो फल है ... कटनी का पहला फल, पुनरुत्थान का पहला फल, पेंटीकोस्टल पर्व।

लोगो, इससे मत चूकना! और, जो आप टेप पर है, ध्यान से सुनना!

248 यह पेंटीकोस्टल पर्व का समय रहा है। यहूदियों ने चुप्पी साध ली है; उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। अब उन्हें प्रायश्चिता के लिए वापस बुलाया जाना होगा। हम जानते हैं कि प्रायश्चिता कौन था; उन्होंने नहीं जाना। और पेंटीकोस्टल जुबली के बाद तुरही बजी, यहूदियों को एक साथ बुलाती है। क्या आप नहीं देख सकते कि किस तरह से वो तुरही, जो उस सतावट की है, हिटलर और उन लोगो के नीचे, फूंकी गयी? और यहूदियों को एक साथ आने के लिए दबाव डाला गया था, ताकि वचनो को पूरा करे।

249 अब क्या आपने इसे समझा? वे सब जिन्होंने समझ लिया, कहे, "आमीन।" [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] अच्छा। तो ठीक है।

250 यहाँ लैव्यव्यवस्था में ध्यान दे, अब 26, वचनों का जो क्रम है। पेंटीकोस्ट के लंबे समय की अवधि के बाद, जो दुल्हन के बाहर बुलाये जाने में समाप्त होता है, दुल्हन को एक दास के द्वारा बाहर बुलाया गया है। वो अस्वीकार किया गया, अगला, इस्राएल के लिए ज्ञात होना है, जो प्रायश्चिता का पर्व है। ध्यान दे, यहाँ लैव्यव्यवस्था के 16 वें अध्याय में उसी तरह से ही है, अब, जब उसने पेंटीकॉस्ट के पर्व को क्रम में रखा...

मतलब प्रायश्चिता का पर्व को क्रम में रखा, लेकिन इस स्थान पर वे बुलाये गये हैं...

251 ओह, कितना सिद्ध है! इसे समझना, प्रचारकों। समझे? इसे चूकना मत, सेवको।

252 पेंटीकोस्ट के इस पर्व में, जिसका प्रतिनिधित्व लैव्यव्यवस्था 23:26, या 23 और 24 में किया गया है, शोक का पर्व है, न कि घात करना, एक पर्व का। पर्व को घात... मेरा मतलब प्रायश्चिता को घात किया गया था। प्रायश्चिता को घात किया गया था। लैव्यव्यवस्था 16, यह बिल्कुल इसके अनुकूल है। केवल, इसी स्थान में, यह इस्राएल को उनके पापों के लिए शोक करने को बुलाता है। यह आज कितना सिद्ध है! यह इसका फिर से घात करना नहीं है; जो कि, मूसा ने दूसरी बार चट्टान को मारकर दर्शाया; इसने काम नहीं किया। ना ही उस एक पर्व पर घात करना है; लेकिन, प्रायश्चिता को अस्वीकार करने का एक शोक करना है। ओह, प्रभु! यह तुरही होगी; उस पर्व पर, अस्वीकृत होना है, तब उनके मसीहा को जाना जाता है।

253 ध्यान दे, वे अपने मसीहा को जान जायेंगे, जब वे उसे देखेंगे। वह इस बार सामर्थ में आ रहा है, वो एक जिसके लिए उन्होंने प्रतीक्षा की थी। वो सामर्थ में आ रहा है, अन्यजातियों की दुल्हन के लिए, और यहूदी उसे पहचानने जा रहे हैं। और तब बाईबल कहता है... हमने अभी यहाँ पर प्रचार में से होकर बताया है, लगभग छः महीने पहले, या उससे अधिक समय हो गया। बाईबल कहता है, जब वे कहते हैं, "तुम्हे वे घाव कहाँ से मिले?" कितने लोगो को संदेश याद है? अपना हाथ उठाये। निश्चय ही, आपको... समझे? "तुम्हे वे घाव कहाँ से मिले थे?"

उसने कहा, "मेरे मित्रो के घर में।"

254 मुझे उस समय का प्रचार याद है, जब याकूब ने इस्राएल की संतान को वहां उन चीजो को और भोजन और सामान लाने के लिए भेजा था, और किस तरह से युसूफ ने अभिनय किया, जैसे कि वो उन्हें जानता ही नहीं; और किस तरह से वे सब बातें हुईं, तब उसने खुद को उन्हें ज्ञात करवाया? आपको याद है? और वे बहुत डर गये, वे रोने लगे। उसी तरह से जैसे याकूब की परेशानी थी।

255 और यहाँ हम यहूदियों को सतावट के नीचे पाते हैं; नहीं जानता कि वे अब कहां पर खड़े हैं, लेकिन वे वापस आ रहे हैं।

256 और जब वे प्रायश्चिता सामने दिखाई देते हुए देखते हैं, तो बाईबल ने कहा, "जब उन्होंने इसे देखा," उन्होंने कहा, "वे एक घर को दूसरे से अलग कर देंगे, और बहुत दिनों तक रोयेगे, जैसे कि एक—जैसे कि एक परिवार जिसने उनके एकलौते पुत्र को खो दिया हो। 'तुम्हे वे घाव कहाँ से मिले? '"

उसने कहा, "मेरे मित्रो के घर में।" देखा?

257 याद रखें, दुल्हन पहले से ही स्वर्ग में है; यूसुफ की पत्नी महल में थी। और यूसुफ ने उसके आसपास खड़े हर एक को बाहर कर दिया, और उसने अपने भाइयों को अपने बारे में ज्ञात करवाया; आप देखे, उसकी पत्नी और बच्चे और वे सारे महल में थे, जब वो वापस आकर अपने आप को यहूदियों को अपने बारे में ज्ञात करवाता है। वहां वो प्रायश्चिता है। वहां आपकी तुरही की आवाज है। वहां है जहाँ वे कहते हैं, "ओह!" यह क्या है? यह प्रायश्चिता है। "वे घाव कहाँ से आये हैं? " वहां है यह।

"मेरे मित्रो के घर में।"

258 याद रखें कि यूसुफ के भाइयों ने क्या कहा? क्योंकि, उन्होंने कहा, "अब हम मारे जायेंगे, निश्चय ही यकीनन। हमने ऐसा किया। हमने इस तरह से बुरा काम किया।"

259 उसने कहा, "नहीं, परमेश्वर ने जीवन को बचाने के लिए ऐसा किया है।" क्या आपको उत्पत्ति में की कहानी याद है? देखा? समझे? वैसे ही उसने इस तरह से किया, ताकि अन्यजातियों के जीवन को बचाया जा सके, जो दुल्हन है। कहा, "ये मुझे अपने मित्रो के घर में मिले; लेकिन क्रोधित मत होना, देखो, अपने आप से डरो मत।"

260 उन्होंने कहा, "ओह, प्रभु! क्या हम वास्तव में उसे देखने से चूक गये? क्या वह प्रायश्चिता थी, और हम इससे चुक गये है? हे परमेश्वर!" और उन्होंने कहा, "वे बस अपने आप को अलग करके, और बहुत दिनों तक शोक करते हैं।" यह क्या है? प्रायश्चिता; वे दुखित है। इस बार, आने वाले का ज्ञात होना है, प्रायश्चिता, ये नियमित रूप से घात होने वाली प्रायश्चिता नहीं है, जैसे लैव्यव्यवस्था 16 में है। लेकिन लैव्यव्यवस्था

23, उनके पापो के लिए एक शोक का समय है। और, उनका जो पाप था, उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया।

261 ओह, क्या आप नहीं देखते कि हम कहाँ पर हैं? क्या आप यह नहीं देखते हैं कि उन तुरहीयो का मतलब क्यों हमारे लिए कुछ नहीं है? वे सारी हमारी छठी मोहर के नीचे बजी। अब आप देख रहे है कि पवित्र आत्मा क्यों मुझे बोलने नहीं देता? और स्वर्गीय पिता जानता है, मेरे सामने इस बाईबल के साथ हूं, यही वो सच्चाई है। इसे कल तक नहीं जानता था, परसों के दिन तक; मेरे कमरे में जहाँ उसने इसे प्रकट किया, मेरे पास आकर और मुझसे बात की। मैंने वापस आकर, मैंने कहा, "पत्नी, मैंने इसे अब जान लिया। उसने मुझसे अभी वहां मुलाकात की और मुझे बताया। यहाँ है ये, प्रिय।" देखा? देखें, यह वहां है, देखो, सिद्ध रूप से समानता में है।

262 ओह, वे लोग जो बिना उसके है, जल्दी से आ जाये! हो सकता है यह अंतिम मौका हो, जो आपको किसी भी समय मिल सकता है। आप नहीं जानते कि वो किस समय आ सकता है।

263 तुरहियों का पर्व। बाईबल कहती है, "वे अपने आप को, एक दुसरे से अलग करेंगे, और प्रार्थना करेगे और रोयेंगे, क्योंकि जैसे कि कोई व्यक्ति जिसने अपने इकलौते को खो दिया हो।"

264 देखो, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। अब ध्यान से सुने; इस बात से मत चूकना। कितना अद्भुत! सातवें दूत से (सातवीं मोहर का सन्देशवाहक) प्रकाशितवाक्य 10 में का संदेश, सातवीं मोहर था, सात तुरहीयो के लिए, उन दो समयों के बीच...

265 हे परमेश्वर, हम यह कैसे कह सकते हैं, जिससे कि लोग इसे दिखे?

266 यह उस छठी तुरही के बीच है, और छठे तुरही और... छठी तुरही और छठी मोहर के बीच एक ही समय में आवाज़ को देते है। और छठी तुरही और सातवी तुरही के बीच, वहां अन्यजातियों के सामने एक भविष्यव्यक्ता आ जायेगा, ताकि लोगों को मूल पेंटीकोस्टल सिद्धांत के लिए वापस बुलाये; और प्रकाशितवाक्य 11 में दो गवाह यहूदियों के लिए प्रकट होते हैं, जो उन्हें यीशु की ओर भेजते है, जबकि कलीसिया को ऊपर उठा लिया जाता है। उन सभी को, वे भविष्यव्यक्ता! आमीन! प्रभु के वचन को तोड़ा नहीं जा सकता है। यह एक संप्रदाय नहीं होगा! क्या आप इसे देखते हैं?

267 यहाँ अपनी किताब में पढ़ें और देखें कि क्या छठवी और सातवी तुरही के बीच में बीच में कुछ अंदर डाला नहीं है, छठे और सातवें महामारी के बीच उन यहूदियों को बुलाया जाए, हम वहां पर उस एक लाख चौवालीस हज़ार पर आये हैं (आपको यह याद है?) जो उसके बीच में था। क्या आपको याद है? छठवी के बीच, पांचवी मोहर और छठवी मोहर... छठवी मोहर और सातवीं मोहर के बीच, वहां एक लाख चौवालीस हज़ार को बाहर बुलाया जाना था। क्या आपको याद है? अब यही है वो, जहाँ ये तुरहियां ठीक वहीं पर आती हैं, देखो, और सतावट, और घोडे वहां पर छोड़े गये।

268 फिर, उसके बीच में, तब एक सातवें दूत का संदेश होना था, जो प्रचार करते आ रहा था और पेंटीकोस्टलस को दोषी ठहरा रहा था। और यीशु को बाहर रखा गया था; किसी के साथ कोई सहयोग नहीं होगा, उसे बाहर रखा जाएगा, अस्वीकार किया गया। बाईबल ऐसा कहता है। क्योंकि, यह मसीह हमारे बीच प्रकट हुआ है, यीशु हम सब के बीच है, उसके वचन की शुद्धता में प्रकट हुआ, इसे ज्ञात करवाते हुए। और यदि वह...

269 यह बस कल्पना करना नहीं है, मित्रो। यह **यहोवा यो कहता है** वाला वचन है।

270 और उसी समय पर... अब, जैसे ही ये कलीसिया (दुल्हन) को एक साथ लाया जाता है, उसे ऊपर उठा लिया जाता है; और वो सातवीं मोहर का रहस्य, या सातवीं मोहर, जो कि जाने का रहस्य है। और यहूदियों को सातवी तुरही के रहस्य के द्वारा बुलाया जाता है, जो दो भविष्यव्यक्ता है, एलिय्याह और मूसा, और वे वापस आते हैं। और यही है जहाँ पेंटीकोस्टल वे सारे मिश्रित होते है; वे कुछ तो घटित होने के लिए देख रहे हैं; कलीसिया जा चुकी है। और यही यहूदियों के लिए है।

271 अब, मैं महसूस करता हूं किसी के मन में वो कह रहा है, "यह मूसा नहीं हो सकता।" जी हाँ, ऐसा है। अब, आप याद रखना, वो मुझे आपके विचारों को बता सकता हैं। हूं–हुह। हूं–हुह। मैं इसे अब भी महसूस कर रहा हूं... तो ठीक है।

272 मुझे इसे आपके लिए सीधा–सीधा बताने दो। यह मूसा था। क्योंकि, यहां पर आपके पास यह विचार है। आप कहते हैं, "मूसा, यह मूसा नहीं हो सकता है, क्योंकि मूसा की मृत्यु हो गई है।" आप सोचते है कि यह

एलिय्याह है। यह एलिय्याह है, सच है। जब आप सोचते है, "यह हनोक है।" आप कहते हैं, "मूसा पहले ही मर चुका है।" लेकिन, याद रखें, वह फिर से जीवन में आ सकता है। वो आया। आठ सौ वर्ष के बाद, कई सौ वर्षो के बाद, वह रूपांतर के पर्वत पर दिखाई दिया। आप कहते हैं, "एक मनुष्य के मर जाने के बाद? " जी हाँ, श्रीमान। लाजरस मर गया था; फिर से जी उठा; और उसे फिर से मरना पड़ा था। समझे? निश्चय ही। हूं–हुंह। और यहां तक कि दुष्ट लोगो को फिर से जीवन के लिए जिलाया जाएगा, और बाद में दूसरी मौत मरना होगा। क्या ये सही है? तो इसे अपने मन से बाहर निकाल दे। यह मूसा है। आपकी सेवकाई को देखे, बिल्कुल वैसे ही है जो मूसा और एलिय्याह ने किया; आकाश को बंद किया और इस पर आग को बरसाया। आप जानते हैं कि उन्होंने क्या काम किया है।

273 इस पर सोचे! यह अंत समय है, मित्रो। हाल्लेलुय्या! प्रभु का महान दिन नजदीक है। अपने आप को एक साथ इकट्ठा करे। मसीहा का पर्व; वे उसे अस्वीकार कर देंगे, और वे जान जायेंगे कि वहां उनका मसीहा है। बाईबल ने कहा वे इस तरह की अद्भुत बातें जगह लेगी।

274 प्रकाशितवाक्य 11 में, बताता है, उनकी सेवकाई मूसा और एलिय्याह की होगी जो इस्राएल को यहूदी रीती–रिवाजों से बाहर बुलाएगी; बस वैसे ही जैसे सातवें दूत के संदेश ने दुल्हन को पेंटीकोस्टल रीती–रिवाजों से बाहर बुलाया। याद रखें, मूसा और एलिय्याह इस्राएल को उस पुराने समय के प्रायश्चिता से बाहर बुलाना है जो मेमने, और भेड़, लहू, और बकरियां, और वास्तविक जीवित बलिदान है, वचन की ओर लाना है।

275 और सातवें दूत का संदेश, उसी तुरही के नीचे, हर एक बिल्कुल वैसा ही, वही मोहर, उसके लिए है (क्या?) लोगों को बुलाने के लिए, जो दुल्हन है, पेंटीकोस्टल और संसार के रीती–रिवाजों से बाहर बुलाने के लिए, उस सच्चे प्रायश्चिता की ओर, वो वचन, मसीह यहाँ अपने वचन में भेष बदलकर, हमारे बीच में देहधारी हुआ। विज्ञान ने इसे तस्वीरों के द्वारा साबित किया है। कलीसिया संसार भर में यह जानती है। हम इसे दृढ़ता से जानते हैं, क्योंकि उसने हमें कभी भी **यहोवा यो कहता है**, में कभी एक बात भी ऐसी नहीं बताई, सिवाय जो सच्चाई रही है। क्या उसने नहीं कहा, वहां नीचे नदी पर, "जैसे यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को भेजा गया था, उसी तरह इस सन्देशवाहक को रखा जायेगा... "

276 मैंने देखा, और उसमें बारह बजे है। आधी रात की घडी यहाँ पर है, मित्रो, हम पर। देखो कि किस तरह से वचन सिद्ध है? पूरी तरह से, यह किस तरह...

277 यह, देखो, यह कोई संगठन नहीं होंगे जो वहां जाकर और यहूदियों को बुलायेंगे। यह तो दो पुरुष होंगे, मूसा और एलिय्याह। वे दोनों ही भविष्यव्यक्ता होंगे।

278 अब देखो। अन्यजातियों को, उस दुल्हन को बाहर बुलाने के लिए, उसने मालाकी 4 में उसी काम को करने की प्रतिज्ञा की है।

279 और बाईबल ने कहा कि उसे कलीसिया से बाहर कर दिया जायेगा, उस सातवें कलीसिया के युग में। उसे कलीसिया से बाहर कर दिया जाएगा। ये पूरी तरह से काला हो जाएगा, और... यह कहाँ पर अंधकारमय होता है? जब यह इस कलीसिया के संप्रदायिक सिद्धांत के अंदर चला जाता है, कलीसिया के संप्रदायिक परिषद में, विश्व परिषद कलीसिया में चला जाता है। उसे... उसे पूरी तरह से बाहर रखा गया है। उसका वचन, वे इससे सहमत नहीं हो सकते है। आप जानते हैं कि वे नहीं हो सकते। वे यहाँ तक अपने छोटे से स्थानीय झुंडो में भी सहमत नहीं हो सकते हैं; तो वे किस तरह से इसमें सहमत होंगे? इसलिए, वे एक और पशु की छाप को लेते हैं, जो पशु के निमित एक छाप है। याद रखें, बाईबल ने कहा, "वहां पशु के निमित एक छाप बनाई गयी थी।"

280 और यह संयुक्त राज्य हमेशा ही तेरह संख्या रहा है। यह तेरह राज्यों से आरंभ हुआ, तेरह उपनगर; तेरह तारे, तेरह धारियाँ; संख्या तेरह, और हमेशा ही एक स्त्री है। यह प्रकाशितवाक्य के तेरह अध्याय में दिखाई देता है। और, पहले, एक मेमना है; नम्रता, बोलने की स्वतंत्रता, धर्म की स्वतंत्रता, और इत्यादि; और फिर वे सामर्थ को पाते हैं, और उस सारी सामर्थ के साथ बोलते हैं जो उसके सामने अजगर के पास थी। यह क्या है? अजगर क्या था? रोम। देखो, ये एक छाप थी, एक पशु की प्रतिमा, ताकि परमेश्वर की सच्ची कलीसिया के विरोध में उठे। उनके संप्रदायो के नीचे, ये चीजे पीड़ा को देंगी! लेकिन, जब वे ऐसा करना आरंभ करते हैं:

> मेमना अपनी दुल्हन को हमेशा के लिए अपनी तरफ
> ले लेगा,
> स्वर्ग की सारी सेना इकठ्ठा होंगी;

ओह, यह एक शानदार दृश्य होगा, सारे संत सफेद बेदाग में होंगे;
और यीशु के साथ वे अनंतता के लिए भोज करेंगे। आमीन!

"आओ और भोज करो," गुरु बुलाता है, "आओ और भोज करो।" आमीन!

281 क्या ही दिन है जिसमें हम रह रहे हैं, वो घडी! दौड़ो लोगों, अपने जीवन के लिए दौड़ो!

282 ध्यान देना अब, समाप्ती में, सातवें दूत के जैसी सेवकाई। दो गवाह, सातवीं तुरही के नीचे, ठीक पहले... या, छठी तुरही, सातवी तुरही से ठीक पहले...

283 अब, याद रखना, और मैंने आपको बताया था कि मैं इसे वापस लाऊंगा, "बडे शब्द की तुरही।" उसने कहा, वह यहाँ पर क्या करेगा, यहाँ यशायाह में? उसने कहा... "बडे शब्द की तुरही होगी। बडे शब्द की तुरही!" ना ही तुरहियां, अब तुरहीयो का पर्व; उनमें से दो हैं, मूसा और एलिय्याह, तुरही को बताने के लिए। लेकिन, उस "बडे शब्द की तुरही," के नीचे प्रभु का आगमन है, जो युसूफ के लौटने की घोषणा करने के लिए है, देखो, जो सारे राष्ट्र यरूशलेम में इकट्ठा होंगे। आमीन। आप इसे यशायाह की पुस्तक में देखते है। मैंने अभी कुछ समय पहले आपको इसे बताया है, उन अध्यायों में से एक जिसे हम पढ़ते हैं; यह यशायाह 18: 1 और 3 में है। और यशायाह 27:12 और 13 में है, यही है जहाँ वह उस "तुरही," को फूंकता है और सारे राष्ट्र इस्राएल को उसकी मातृभूमि में पहचान लेंगे, परमेश्वर उसके साथ है।

284 तब दुल्हन दुल्हे के साथ होने के लिए आ जायेगी, और दूल्हा दुल्हन के साथ; और उसके बाद महान सहशताब्दी होगी, परमाणु शक्ति के द्वारा, सारे संसार के नष्ट होने के बाद। और वहां "एक नया आकाश और नई धरती," होगी, हमेशा के लिए जीवित रहेंगे।

285 देखो, ठीक नीचे... अब ध्यान दे, मूसा और एलिय्याह की सेवकाई... अब, हर किसी ने इसे समझा? मुझे फिर से कहने दे। मूसा और एलिय्याह की सेवकाई, जो छठी और सातवीं तुरही के बीच है, जो दो भविष्यव्यक्ता

होंगे, जो... वे... इस्राएल हमेशा ही अपने भविष्यव्यक्ताओं पर विश्वास करते हैं।

286 अब, पवित्र आत्मा ने मुझे क्यों कहा जब मैंने वहां जाना आरंभ किया, यह दिखाने के लिए कि वो परमेश्वर का पुत्र था, कहा, "अभी नहीं"? आपको यह याद है कि, लगभग पाँच साल पहले, मैं भारत जाने के मार्ग पर था? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] कहा, "इसे मत करना।"

287 मैंने कहा, "उन्होंने कहा, 'यदि यह मसीहा है, तो हमें उसके भविष्यव्यक्ता के चिन्ह को करते हुए दिखाने दो। हम भविष्यव्यक्ताओ पर विश्वास करते हैं।'"

288 भाई लेवी पेथ्रस और उन्होंने मेरे लिए उन बाइबिलो को भेजा; जबकि उन्होंने उनमें से लाखो यहूदियों को देते है, जो ईरान से और हर जगह से आ रहे हैं, वे वापस आ रहे हैं, खुद को एक साथ इकठ्ठा कर रहे हैं, एक राष्ट्र बन रहे हैं।

मैंने सोचा, "यह मेरा समय है।" मैं पहले से ही... काहिरो, मिस्र।

289 उसने कहा, "इसे अभी मत करना। वो घडी अभी तक नहीं आयी है।" तब मैं घर लौट आया। हूं–हुंह। ओह, प्रभु!

290 मूसा और एलिय्याह को पुकार को करना है। पेंटीकोस्टल की जुबली अभी भी जारी है, या इस समय तक थी। देखा? अब तुरहीयो के पर्व को जानना होगा। और यहाँ पर यह एक मलाकी 4 जो वहां पर इससे जुड़ा हुआ नहीं है; बिल्कुल नहीं, बिल्कुल नहीं। ध्यान दें, यहां पर देखें, ये सेवकाई मूसा और एलिय्याह की होगी, जो बदलती है और यहूदी रीती–रिवाजों से इस्राएल को बुलाती है, सुनना, यहूदी रीती–रिवाजों से, जिससे वे मिश्रित हो गये थे। उनके भविष्यव्यक्ता होने के कारण, वे उस पर विश्वास—विश्वास करेंगे। उन्हें प्रायश्चिता के पर्व के लिए बुलाते है, जो मसीह है, उन्हें मसीह की पहचान को दिलाते हुए। वे कहेंगे, "वो आ रहा है। वह यहाँ पर होगा।" यहूदी इकठ्ठा हों जायेंगे, ये बातें इस तरह से होंगी।

और फिर जब वह आता है, कहता हैं, "मैं यहाँ पर हूं।" देखा?

"तुम्हे वे दाग कहाँ से मिले? "

"मेरे मित्रो के घर में।"

291 अब, उसी तरह जैसा कि उन दो भविष्यव्यक्ताओ ने किया था! याद रखें, अन्यजाति दुल्हन के पास एक भविष्यवक्ता को होना है, जिसे एलिया, एलिय्याह कहा जाता है, जिसे उन्हें उनके रीती–रिवाजों से बाहर बुलाना है, दुल्हन को; बस उसी तरह जैसे कि इन भविष्यवक्ताओ को यहूदियों को यहूदीवाद से बाहर बुलाना है, मसीह के लिए, जो प्रायश्चिता है। और अन्यजाति पहले से ही प्रायश्चिता को जानते है, लेकिन यह दुल्हन को मूल प्रायश्चिता के लिए वापस बुलाना है, जहाँ ये सब्त (पचास)... ये सारे सात सब्त जिससे वे दूर हो गये हैं; उन्हें अंत समय पर वापस बुलाता है। सात... सुनना! सातवी कलीसिया का सन्देशवाहक, सात तुरही का सन्देशवाहक, सारे भविष्यव्यक्ता हैं। अब, यह सही है।

एक लाख चौवालीस हजार इसके अंदर डाले गये है।

292 बताते है, मोहरे, जो अन्यजातियों के लिए थी। इसे अन्यजातियों के लिए होना था, इसे अन्यजातियों पर खोलने के लिए, अन्यजाति कलीसिया को देखना था। यही सब हम जानते हैं। यही सब हम सुनेंगे; जो पहले ही बीत चुका है। हम यीशु के लिए देख रहे हैं।

293 आप कहते हैं, "अब, एक मिनट रुकना, भाई ब्रंहम, मेरा विश्वास है वे *इसे* करने जा रहे हैं।"

294 अंतिम चिन्ह जो अब्राहम... और हम अब्राहम के शाही बीज हैं; दुल्हन। वो अंतिम चिन्ह जो अब्राहम ने कभी देखा था इससे पहले प्रतिज्ञा किया हुआ चिन्ह आये... प्रतिज्ञा किया हुआ पुत्र आये, वो क्या था? परमेश्वर, एक मनुष्य जाति के रूप में, जो लोगों के विचारों को जांच सकता है; एक मनुष्य, ना ही एक दर्जन; एक मनुष्य, कोई फर्क नहीं पड़ता कितने भी नक़ल करने वाले क्यों न हों। उनके पास एक था, और उसने विचार को व्यक्त किया जो वहां थे। क्या? और, अगली बात जो घटित हुई कि, अब्राहम और सारा एक नौजवान पुरुष और स्त्री में बदल गये। हम यह जानते हैं।

295 अब, मैं जानता हूं कि एक तरह से अब आपको थोडा गले में अटकेगा। लेकिन, याद रखें, बस इतना कि आप अब निश्चित रूप से जान जायेंगे... आप *इस* तरह से बाईबल नहीं पढ़ते हैं; आप (लिखी हुई लाईन) रेखा के बीच में पढ़े और देखे, वो चित्र सामने आ जायेगा।

296 देखो। सारा एक बूढ़ी स्त्री थी, बाईबल ने कहा। वो, वे ... "उसका गर्भ मर चुका था।" क्या यह सही है? "अब्राहम का उसके बीज में का जीवन मर गया था।" क्या यह सही है?

297 अब, याद रखना, अब्राहम का बीज मर चुका था। चालीस वर्ष के बाद एक दूसरी स्त्री से उसके सात पुत्र हुए। उसने क्या किया? उसने उनके शरीर को बदल दिया।

298 देखो, उन्होंने तीन सौ मील की यात्रा तय की, वहां गरार की ओर, ये एक बूढ़े व्यक्ति के लिए काफी लंबी यात्रा है। कहा...

299 और यहाँ तक सारा ने सोचा कि वे पारिवारिक संबंध भी नहीं बना सकते है। उसने कहा, "मुझे... " बीस वर्ष या उससे भी अधिक, हो सकता है, इससे पहले जो उनका पारिवारिक संबंध हुआ करता था। कहा, "मुझ एक बूढ़ी स्त्री को, और मेरा स्वामी भी बूढा है; क्या फिर से सुख प्राप्त होगा, नौजवान लोगों की तरह? "

उसने कहा, "क्या परमेश्वर के लिए कुछ भी कठिन है? "

300 ध्यान दे, क्या हुआ। तुरंत ही वो एक प्यारी सी नौजवान स्त्री में बदल गयी। ये दिखा रहा है, वहां पर, यह वर्णन कर रहा है कि वो अब्राहम के शाही बीज के लिए क्या करने जा रहा है, उस पुत्र को प्राप्त करने के लिए जिसकी प्रतिज्ञा की गयी थी। वो एक युवा अवस्था में वापस बदल गयी...

301 देखो, वे गरार के अंदर चले गये। और क्या हुआ? अबीमेलेक, उस राजा को उससे प्रेम हो गया, उसने कहा, "वह खुबसूरत और सुंदर है," और उससे विवाह करने वाला था। क्या ये सही है? बूढी दादी; और वहां वे सारी सुंदर लड़कियां है। दादी, "वो सुंदर है। वह दिखने में खुबसूरत है।" देखा?

302 परमेश्वर ने उसके शरीर को बदल दिया, और उन्हें वापस उसी अवस्था में लाया। यह एक रहस्य है जो अब इस दिन में प्रकट होना है, मनुष्य के पुत्र के द्वारा, देखो, संध्या का संदेश। समझे? उसी अवस्था में वापस लाया! और यह वो आखिरी चिन्ह था जो उन्होंने देखा था, जो था (क्या?) उस विचारो को परखना, इससे पहले कि शरीर का बदलना हो।

303 और इससे पहले कि हम कभी पुत्र को प्राप्त कर सकें, क्या होता है? "परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी; मसीह में मरे हुए पहले जी उठेंगे, एक

नया शरीर; और हम जो जीवित हैं और बचे हुए है, क्षण भर में, पलक झपकते ही बदल जायेंगे," हाल्लेलुय्या, "और एक साथ उठा लिए जायेंगे, ताकि हम हवा में प्रभु से मिले।" रहस्य को जाना जा चूका है; मोहरे खुली हैं।

304 तुरही इस्राएल के लिए आवाज़ को देती है; दो भविष्यव्यक्ता प्रकट होने के लिए तैयार हैं। यह क्या है? अब कलीसिया को दृश्य से बाहर जाना ही है, सो वे प्रकट हो सकते हैं। वो एक ही समय में दो के साथ व्यवहार नहीं कर सकता; उसने कभी नहीं किया। देखा?

305 ओह, भाई, देखो! वास्तव में, सबको बुलाने के लिए, उन्हें संप्रदायो और रीती रिवाजों से बाहर बुलाते हैं। अब हम देखते है पेंटीकोस्ट के कलीसिया का युग समाप्त हो गया है।

306 दुल्हन को वहां से हटना अवश्य है, अब ऊपर जाने के लिए; इसलिए, कि वे दो सेवक, परमेश्वर के दो दास, प्रकाशितवाक्य में, दो भविष्यव्यक्ता, जिससे वे दृश्य पर प्रकट हो सकते हैं, ताकि उनके लिए सातवी तुरही की आवाज़ को दे, उन्हें मसीह के बारे में बताये।

307 सातवां दूत, संदेशवाहक कहता हैं, "देखो वो परमेश्वर का मेमना जो संसार के पापो को दूर ले जाता है!" ना हीं, "देखो वो मेरे मेथोडिस्ट, मेरे बैपटिस्ट, मेरे पेंटीकोस्टल।" लेकिन, "वो वचन, परमेश्वर का पुत्र, परमेश्वर का मेम्ना जो संसार के पापो को दूर ले जाता है," क्योंकि वहां कोई दूसरी बुनियादे नहीं है! आपने देखा?

308 हमारे पास और कितना समय है? यहूदी उनकी मातृभूमि में हैं। दुल्हन को बुलाया गया है। वचन के अनुसार, हर एक चीज ठीक उसी तरह से है जो उसने प्रतिज्ञा की थी। हम तैयार हैं। वो घडी यहाँ पर है।

राष्ट्र टूट हे हैं, इस्राएल जाग रहा है,
वे चिन्ह जो बाईबल ने पहले से बताये;
अन्यजातियो के दिन गिने हुए हैं, सतावट से घिरे हुये;
वापस आओ, हे बिखरे हुए, अपने स्वयं के लिए।

छुटकारे का दिन निकट है,
डर के मारे मनुष्य के दिल के दौरे पर रहे हैं;

परमेश्वर की आत्मा से भर जाओ, अपने दीये को ठीक
कर लो और साफ कर लो,
ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है!

झूठे भविष्यव्यक्ता झूठ बोल रहे है, परमेश्वर के सत्य
को वे इंकार कर रहे हैं,
वो यीशु जो मसीह है हमारा परमेश्वर है, (ये सही है)
लेकिन हम चलेंगे जहाँ प्रेरितों ने कदम रखा है।

क्योंकि छुटकारे का दिन निकट है,
डर के मारे मनुष्य के दिल के दौरे पर रहे हैं;
आत्मा से भर जाओ, अपने दीये को ठीक कर लो और
साफ कर लो, (कोई मौका मत देना)
ऊपर देखो, तुम्हारा छुटकारा निकट है!

309 भविष्यवक्ता ने कहा, "संध्या के समय ये उजियाला होगा।"

ये संध्या के समय में उजियाला होगा
महिमा का मार्ग आपको अवश्य ही मिलेगा;
जल के मार्ग में, आज उजियाला है
यीशु के बहुमूल्य नाम में दफनाया गया।
जवान और बूढ़े, अपने सारे पापों के लिए पश्चाताप
करे,
पवित्र आत्मा निश्चय ही प्रवेश करेगा;
संध्या के उजियाले आ गये हैं,
यह तो एक सत्य है कि परमेश्वर और मसीह एक हैं।

310 हम यहाँ हैं! हम अंत में हैं। यह बस एक मनुष्य की कुछ नासमझी की बात नहीं है। यह तो **यहोवा यो कहता है**, वो है।

आइये हम अपने सिरों को झुकाये।

311 दया से भरे परमेश्वर, यहोवा, सर्वशक्तिमान जिसने सिनय पर्वत पर गर्जना की; और लोग चिल्ला उठे, "मूसा बोले, और ना ही परमेश्वर, ऐसा न हो कि हम मर जाये।" आपने कहा, महान यहोवा, "मैं उनके लिए एक भविष्यव्यक्ता को खड़ा करूंगा। मैं उनसे इस तरह से बात नहीं करूंगा।" लेकिन आपने प्रतिज्ञा की जिसे आप करेंगे और आपने इसे किया; आपने हमारे लिए खड़ा किया प्रभु यीशु। वो वचन है। आपने बताया कि वो वचन

था। "आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ, और हमारे बीच डेरा किया।"

312 हम उन चीजों को देखते हैं, जो उसने यहाँ हमारे लिए भविष्यवाणी की, उसके भविष्यव्यक्ता यूहन्ना के जरिये से, उस पतमुस के टापू पर। हम इसका हर एक शब्द पूरा होते हुए देखते हैं। हम पवित्र आत्मा को यहाँ हमारे बीच धरती पर प्रगटीकरण में आते हुए देखते हैं। हम उन संप्रदायो को, उसे बाहर निकालते हुए देखते हैं; उस वचन को। उसके पास लोगों के विरोध में कुछ नहीं है; यही वो वचन है जिससे वे घृणा करते हैं। ये उनके रीती रिवाजो के विरोध में है। बस उसी तरह जब आप यहां धरती पर थे, तब आप वचन थे, और आप उनके रीती–रिवाजो विरोध में थे; और उन्होंने आपको उनकी कलीसियाओ से और हर जगह से निकाल दिया।

313 और अब, प्रभु, कहीं भी कोई सहयोग नहीं है। यहाँ तक दक्षिण अफ्रीका में जाने का प्रयास कर रहा हूं, जहां मैं जानता हूं कि वहां पर अब भी कुछ प्राण प्रतीक्षा कर रहे है। हर जगह, और ऐसा दिखाई देता है जैसे वे मुझे ग्रहण नहीं करेंगे, प्रभु। न ही यह मेरी वजह से है, प्रभु; यह तो इस संदेश के वजह से है। लेकिन, आपने कहा कि यह इसी तरह से होगा, और आपने इसे हमें बताया है ताकि हम निराश न हों। हम उस घडी को जानते हैं जिसमें हम रह रहे हैं।

314 परमेश्वर, ये लोग जो आज सुबह यहां, इस गर्म, पकने वाले कमरे में बैठे हुए है। उन्होंने ध्यान से सुना है। वे अब देखते हैं, मुझे पक्का है। यदि वे नहीं देख रहे ही, तो इसे उनके लिए प्रकट करे, प्रभु, क्यों आपने मुझे उन तुरहियों को लेने की अनुमति नहीं दी। मैं देखता हूं कि इसका हमसे कोई लेना–देना नहीं है। ठीक उस छठी तुरही पर, यह सब हुआ, और हमने छठी मोहर को खुला हुआ देख लिया है। और हमने यहाँ एक दर्शन को देखा है, दो सप्ताह पहले, जो दुल्हन का और कलीसिया का पूर्वावलोकन था, जैसे मैंने इसे यहाँ बताया है। बिल्कुल जैसा कि आपने मुझे दिखाया, प्रभु, मैंने इसे बताया है। हम यहाँ हैं। यह हमारे सोचने से भी ज्यादा देरी हो सकती है।

315 हे पिता, यदि आज सुबह यहां कोई व्यक्ति है, जिसने—जिसने बस कुछ अंधविश्वास को लिया है, कुछ धर्मज्ञान के प्रभाव को, या कुछ धर्मज्ञानी के शब्द को जो परमेश्वर के वचन के विपरीत है! और वे उस

वास्तविक मसीह, वास्तविक पवित्र आत्मा को नहीं जानते हैं। ये अब भी उनके लिए प्रकट नहीं हुआ है, वो वचन, कि इस दिन में वचन किस तरह से होना है। वे केवल एक रीती–रिवाज को देखते हैं। वे एक—एक ऐसे प्रकाश में जी रहे हैं जो अंधा कर रहा है। दुनिया की उस अब तक की सबसे बड़ी डकैती की तरह, जो इंग्लैंड में हुई थी, इसे एक झूठे प्रकाश के द्वारा किया गया था। और सबसे बड़ी डकैती जो आपके कलीसिया में उस समय हुई थी, जब उन्होंने एक संप्रदाय के प्रकाश को लिया और बाईबल, उस मसीह के सच्चे प्रकाश को इंकार कर दिया।

316 हे परमेश्वर, दया करे! खोये हुए को बचाये, प्रभु। कृपया, मैं बस कुछ और समय के लिए मांगता हूं, यीशु। हमारे प्रेमी जन है। बस कुछ और समय के लिए। बहुत जल्द ही उस पहाड़ से बड़ी चट्टान को कांटा–छांटा जाएगा। प्रदान करे, प्रभु, यदि कोई आज की सुबह आपके बिना है, होने पाए वे ठीक अभी आ जाये, मधुरता से, और आपको ग्रहण करे।

317 जबकि हमारे सिर झुके हैं। यदि आप अपना हाथ उठाकर, कहते है, "मुझे याद करे, भाई ब्रंहम।" हमारे पास नहीं... वेदीयां और इत्यादि भर चुकी हैं। परमेश्वर आपको आशीष दे। बस कहे, "मुझे याद करे।" परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। बस पूरी तरह से सैकड़ों हाथ!

318 पिता परमेश्वर, यहाँ कही तो छोटी सी परछायी है। इसे दूर करे, प्रभु। वे यहाँ इस कमरे में स्थित है। नहीं... हो सकता है शैतान ने उनकी आँखों को अंधा किया हो, बीते समय में, लेकिन मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उनकी पलको को झपकायेंगे जैसे आपने कई दिन पहले हमारे लिए किया था। लेकिन अब जब आप हम सभी को दृष्टि के लिए बुलाते है... बाईबल ने कहा कि वे अंधे थे। वे इसे नहीं जानते थे। कहा, "मैं तुम्हें मुझसे आँख का सुरमा खरीदने की सम्मति देता हूं।" परमेश्वर, आज सुबह वे उनकी आँखों पर सुरमे का उपयोग करें, जिससे वे देख सके। अब भी यह नम्र होगा, नम्र लोगों के एक झुण्ड में; और नम्र, अशिक्षित और इत्यादि, लेकिन आरंभ में तब भी ऐसा ही था। इसे प्रदान करे, प्रभु, कि वे इसे अभी ग्रहण करें। मैं उन्हें आपको देता है, आपके पुत्र यीशु के नाम में मांगता हूं।

319 और आपने कहा, "वह जो मेरा वचन सुनता है।" मुझे पक्का है, प्रभु, मेरे सबसे अच्छी समझ से, उन्होंने इसे सुना है। "और उस पर विश्वास

करता है जिसने मुझे भेजा," ना ही दिखावटी विश्वास किया है, लेकिन वास्तव में विश्वास करते है, और वचन ने जो कहा है उसे विश्वास करते है। "उसके पास सनातन का जीवन है, और वो न्याय में नहीं आएगा; लेकिन मृत्यु से जीवन के लिए प्रवेश कर चूका है।" यूहन्ना 5:24।

320 प्रदान करे, प्रभु, कि वे आज उस घडी से लेकर आपके हो जाये। यदि उनके मन में कोई ऐसी सोच है, तो उसे दूर करें। यदि हमारे बीच में कोई एक बीमार व्यक्ति है, तो वो महान पवित्र आत्मा, प्रभु,... जो, मैं जानता हूं कि वो वहां पर है; और विचारों को प्रकट कर रहा है, यहां मंच पर खड़े हुए। वे इसके बारे में सब जानते हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उन्हें चंगा करेंगे, प्रभु। सारे सवालों का समाधान करें।

321 तलाब उन लोगों के लिए खुला रहेगा, जिन्होंने कभी भी यीशु मसीह के नाम में डूबकी नहीं लगाई हैं, दुल्हे का नाम लेते हुए। उनके पास एक संप्रदाय है, कलीसिया संबंधित बातें है; किसी एक ने भी कभी भी इन शीर्षक "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," के नाम में बपतिस्मा नहीं लिया था या छिड़काव किया गया था; और ये पारंपरिक चीजें जो इस युग के कलीसिया से संबंधित हैं, मसीह विरोधी आंदोलन है, पशु की छाप है। किसी ने कभी भी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," के नाम में बपतिस्मा नहीं लिया था, कैथोलिक कलीसिया आने तक। सारा बाईबल, और सारा इतिहास, बाद में, ये बताते हैं कि उनका यीशु के नाम का बपतिस्मा हुआ था।

322 पौलुस ने कहा, गलातियों 8: 1 में, "यदि स्वर्ग से कोई दूत भी आकर और किसी और सुसमाचार का प्रचार करता है, तो उसे शापित होने दो।" और आपने उन लोगों को आज्ञा दी जिन्होंने यूहन्ना के तहत बपतिस्मा ले चुके थे, वही जिसने यीशु को बपतिस्मा दिया था, कि आकर यीशु मसीह के नाम में फिर से बपतिस्मा ले, प्रेरितो के काम 19 में। और कहा, "यहाँ तक कोई भी दूत तुम्हे कुछ भी और न बताने दो।"

323 अंतिम दिन में एक संदेशवाहक आयेगा, जो लोगों को पहले फल की ओर मार्गदर्शन करेगा, वापस उस मूल विश्वास की ओर। इसे प्रदान करे प्रभु, कि वो महान संदेशवाहक, अब हमारे बीच में हो, वो महान मसीह, पवित्र आत्मा जो उज्ज्वल बनाता है, समझ को खोलता है, वचन को खोलकर और इसे हम पर प्रकट करता है, होने पाये वो उसे वापस मूल की ओर मार्गदर्शन करे, पेंटीकोस्टल विश्वास की ओर। जैसे पतरस ने पेंटीकोस्ट

के दिन कहा, "तुम में से हर एक जन, पश्चाताप करे, और पाप की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले।" और यह उस तरह हमेशा के लिए था, हर एक व्यक्ति के लिए, जब तक कि निसिया पर रोमन कलीसिया नहीं आ गयी।

324 परमेश्वर, अब दया करे। तालाब तैयार हो जाएगा; ह्रदय खुले हैं। अंदर आ जाये, प्रभु यीशु। हम अंतिम घडी में हैं। यदि कोई उनके लिए संभावना है, प्रभु, इस समय में अंदर आने के लिए, जो कि, मुझे आशा है और भरोसा है कि वहां पर है। और हम जो प्रभु में हैं, होने पाए अब हम विस्तृत सूची को ले, कि हमने परमेश्वर की आवाज़ को देखा है और सुना है उसके वचन के जरिये से बोल रहा था, और हम जानते हैं कि हम किस घडी में रह रहे हैं। इसे प्रदान करे, पिता। हम उन्हें आपको सौपते है, आपके पुत्र के नाम में।

325 अब हमारे झुके हुए सिरो के साथ।

धीरे से और कोमलता से यीशु बुला रहा है,
आपको बुला रहा है...

तुरहियों का पर्व HIN64-0719M

(The Feast Of The Trumpets)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 19 जुलाई, 1964 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोडिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोडिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org